# दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 16 | अंक 317 | सीकर, मंगलवार 13 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन, प्रभारी मंत्री ने दिया सहयोग का भरोसा



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान के अंतर्गत सोमवार 12 जनवरी की शाम कलेक्ट्रेट में जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने समिति की मांगों को गंभीरता से सुना और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। समिति अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदीप अग्रवाल, नरोत्तमलाल आर्य, सीए लोकेश अग्रवाल, शिवचरण पुरोहित, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, श्रीराम शर्मा, सुरेन्द्र भीमसरिया, पार्षद प्रदीप कुमार सैनी सिंगोदिया, खलील बुडाना सहित अनेक गणमान्यजन शामिल थे। ज्ञापन में मांग की गई कि झुंझुनूं से बिसाऊ, मंडावा, फतेहपुर शेखावाटी, रतनगढ़, मण्ड्रेला, पिलानी, सादुलपुर, चनाना, जसरापुर, खेतड़ी, निजामपुर, गुढ़ा, उदयपुरवाटी, नीमकाथाना, शाकम्भरी, लोहार्गल एवं सालासर तक नई रेल लाइनों का विस्तार कर झुंझुनू को रेलवे जंक्शन बनाया जाए। साथ ही झुंझुनू होकर अहमदाबाद, सूरत, पुणे, मुंबई, कोलकाता, गुवाहाटी, हरिद्वार, दिल्ली, श्री माता वैष्णो देवी कटरा, जोधपुर, उदयपुर सिटी, श्रीगंगानगर तथा लोहारू-जयपुर-लोहारू मार्ग पर नई ट्रेनों के संचालन की भी मांग रखी गई।

### हाजिर जवाबी निकले मंत्री गहलोत

प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति की पहल सराहनीय है और झुंझुनू को रेलवे जंक्शन बनाने के लिए वे अपनी ओर से भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि वे झुंझुनू के साथ-साथ चूरू जिले के भी प्रभारी मंत्री हैं और सालासर तक रेल लाइन जोड़ने की मांग दोनों जिलों के लिए महत्वपूर्ण है। सालासर बालाजी देश का बड़ा आस्था केंद्र है, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में दोनों जिलों को सम्मिलित करते हुए रेल मंत्री को पत्र लिखा जाएगा तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भी इस बाबत पत्र भिजवाने का अनुरोध किया जाएगा।

## जेएलएफ में कार्तिकेय की बुक द अनबिकमिंग की होगी चर्चा

### कोविड से शुरू हुई लेखन यात्रा, बोले- भय और अपेक्षाएं ही दुख की जड़

जयपुर।

जयपुर के रामबाग होटल में सोमवार को लेखक कार्तिकेय वाजपेयी अपनी नई पुस्तक द अनबिकमिंग के साथ पुस्तकप्रेमियों से रूबरू हुए। वाजपेयी ने कहा कि इस पुस्तक में दलाई लामा और स्वामी सर्वप्रियानंद की भूमिकाएं शामिल हैं। उनके योगदानों का उल्लेख पुस्तक की आध्यात्मिक और दार्शनिक प्रामाणिकता के प्रमाण के रूप में किया गया।

इस पुस्तक को कार्तिकेय कोविड के समय से लिख रहे थे, जिसमें अध्यात्म, क्रिकेट और दार्शनिक अनुभव शामिल है। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में इस पुस्तक पर चर्चा होगी। इस पुस्तक को कुछ समय पहले दिल्ली में वरिष्ठ राजनेता डॉ. कर्ण सिंह, डॉ. मुरली मनोहर जोशी,आचार्य पुंडरीक महाराज और गेशे दोरजी दामदुल ने लॉन्च किया था।

## पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के दो केस मिले

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बोले- नेशनल जॉइंट आउटब्रेक रिस्पॉन्स टीम बनाई, एक्सपर्ट्स की टीम बंगाल भेजी

नई दिल्ली।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को बताया कि पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के दो केस सामने आए हैं। मंत्री ने बताया कि पश्चिम बंगाल को मदद देने और बीमारी को फैलने से रोकने के लिए, हमने तुरंत एक नेशनल जॉइंट आउटब्रेक रिस्पॉन्स टीम बनाई है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात की है। उनसे कहा कि वे अपनी एक्सपर्ट्स की टीम को केंद्र सरकार की टीम के साथ मिलकर काम करने निर्देश दें।

ये दो नए केस उत्तर 24 परगना जिले के बारासात के एक प्राइवेट अस्पताल से सामने आए हैं। यहां एक महिला नर्स और एक पुरुष नर्स में संक्रमित होने के लक्षण दिखे हैं।

नड्डा ने कहा कि 11 जनवरी को इन मामलों की जानकारी मिलने पर, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और स्वास्थ्य प्रधान सचिव के साथ स्थिति पर चर्चा की। पश्चिम बंगाल को हर मदद देने का भरोसा दिया है।

# राजस्थान में पारा -2 डिग्री, बर्तनों में रखा पानी जम गया

## जयपुर में सर्दी से एक की मौत; 11 जिलों के स्कूलों में छुट्टियां बढ़ाई

जयपुर।

राजस्थान के कई इलाकों का पारा सोमवार को भी माइनस में दर्ज हुआ। झुंझुनूं, फलोदी, सीकर के फतेहपुर और पलसाना में बर्तनों में रखा पानी जम गया था। जैसलमेर, कोटपूतली- बहरोड़ सहित कई अन्य जिलों में गाड़ियों और फसलों पर ओस की बूंदें जम गई थीं। फतेहपुर और पलसाना में आज पारा माइनस 1.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जयपुर में सर्दी से एक की मौत हो गई।

उधर, कड़ाके की ठंड के कारण जयपुर समेत 11 जिलों के स्कूलों में छुट्टियां बढ़ा दी। साथ ही, कुछ जिलों में समय बदला गया है। रविवार को उदयपुर में घने कोहरे के कारण 7 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई थीं।?

कल (रविवार) भी प्रदेश के कई इलाकों में पारा जमाव बिंदु और उससे भी नीचे चला गया था। जैसलमेर, नागौर, सीकर जिलों के कई इलाकों में बर्फ जम गई थी। रविवार को फतेहपुर (सीकर) में न्यूनतम तापमान -2 और नागौर में -1 डिग्री दर्ज किया गया था।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि हाड़ कंपाने वाली इस सर्दी का सितम अगले कुछ दिन और जारी रहने की संभावना है। 14 और 15 जनवरी के बाद ही कुछ राहत मिलने की संभावना है।

### जयपुर में सर्दी से एक की मौत

जयपुर के वैशाली नगर इलाके में शनिवार सुबह परिवहन नगर मोड़ पर पानी के नाले के ऊपर लाश पड़ी मिली थी। पुलिस ने शव को एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। एसएचओ (वैशाली नगर) राजेश सिंह ने सर्दी से मौत की आशंका जताई है।

### जैसलमेर में रेत के धोरों पर ओस की बूंदें जम गईं

जैसलमेर के रामगढ़ क्षेत्र की नहरी पट्टी में स्थित भाटिया माइनर के चक संख्या 13 में रेत के ऊपर बर्फ की चादर जम गई।

### जोधपुर में सुबह-सुबह धूप खिली

जोधपुर शहर में आज (सोमवार) सुबह धूप खिलने से तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखी गई। सुबह अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### सीकर में लगातार दूसरे दिन पारा माइनस में रिकॉर्ड हुआ

सीकर के रानोली कस्बे में लगातार दूसरे दिन न्यूनतम तापमान माइनस में रिकॉर्ड किया गया है। ग्रामीण इलाकों में सुबह फसलों पर ओस जमी नजर आई।

### चूरू में जमी बर्फ, बर्फीली हवाओं ने गलन बढ़ाई

चूरू में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। सोमवार को जिले के ग्रामीण इलाकों में फसलों और गाड़ियों की पर ओस की बूंदें जम गईं। जिले में न्यूनतम तापमान 1.3 डिग्री दर्ज किया गया। पारे में गिरावट के साथ बर्फीली हवाओं ने लोगों को ठिठुरन का एहसास कराया। हालांकि सोमवार सुबह घना कोहरा नहीं था। हवाओं में गलन थी।

### कोटपूतली-बहरोड का पारा 2 डिग्री के करीब पहुंचा, जमने लगी बर्फ

कोटपूतली- बहरोड़ जिले में सोमवार को न्यूनतम तापमान 2 डिग्री के करीब पहुंच गया। यहां शहरी और ग्रामीण इलाकों में फसलों-पौधों पर ओस की बूंदें जम गई थीं। बहरोड़ के गांव गंडाला, माजरी, जखराना, कांकर छाजा, शेरपुर, महाराजावास, नांगल खोडियार, बर्डोद सहित अन्य क्षेत्रों में फसलों पर ओस की बूंदे जम गईं।



### बीकानेर में स्कूल का समय बदला

बीकानेर में रविवार रात न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। सोमवार सुबह हल्का कोहरा रहा, लेकिन कड़ाके की ठंड से कोई राहत नहीं मिली। गाड़ियों-पौधों पर ओस की बूंदें जम गई थीं। सोमवार से सरकारी और प्राइवेट स्कूल दोबारा खुल गए हैं। जिला कलेक्टर के आदेश पर विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूलों का समय बदलकर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कर दिया गया है।

### श्रीगंगानगर में साढ़े दस बजे तक घना कोहरा, विजिबिलिटी 5 मीटर से भी कम

श्रीगंगानगर जिले के लालगढ़ जाटान इलाके में सुबह 10:30 तक घना कोहरा छाया रहा। विजिबिलिटी 5 मीटर से भी कम रही थी।

### जैसलमेर में पाला पड़ने लगा, फसलों को नुकसान की आशंका

जैसलमेर के चांधन इलाके के धायसर क्षेत्र में सोमवार सुबह खेतों में सरसों की फसल पर ओस की बूंदें जम गई थीं। रविवार रात पाला पड़ने के कारण किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। फसलों को नुकसान की आशंका है।

# मोदी बोले-युवा रिस्क लेने से न डरें, सरकार आपके साथ

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में कहा- युवा पौराणिक कथाओं पर गेम तैयार करें

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को भारत मंडपम में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 में शामिल हुए। यहां उन्होंने युवाओं द्वारा बनाए गए नए आइडिया और इनोवेशन पर आधारित प्रदर्शनी देखी। मोदी ने कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा- पहले सीएम और अभी प्रधानमंत्री के रूप में मुझे हमेशा युवा पीढ़ी पर बहुत ज्यादा विश्वास रहा है। आपकी एनर्जी से मुझे भी एनर्जी मिलती है। उन्होंने कहा- देश का ल़ढ्ठ' क्रिएटिविटी से भरा है और नए आइडिया, एनर्जी और मकसद के साथ युवा देश बनाने में सबसे आगे हैं। युवाओं के लिए अलग-अलग सेक्टर में कई मौके हैं। रिस्क लेने से न डरें, सरकार आपके साथ है।

मोदी ने कहा- डिजिटल इंडिया ने देश में क्रिएटर्स का एक नया वर्ग तैयार किया है। आज भारत में ऑरेंज इकोनॉमी यानी संस्कृति, कंटेंट और क्रिएटिविटी तेजी से आगे बढ़ रही है। हमारे पास रामायण, महाभारत जैसी अनगिनत कहानियां हैं। अब सवाल यह है कि क्या हम इन कहानियों को गेमिंग की दुनिया तक ले जा सकते हैं?

### पीएम के स्पीच की बड़ी बातें...

आज स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती है। स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी हर युवा के लिए प्रेरणा है। हमारे जीवन का लक्ष्य क्या है? कैसे हम राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ जीवन जीएं, कैसे हमारे हर प्रयास में समाज, देश का हित हो, स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सभी के लिए बहुत बड़ा प्रेरक है। स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुए हर साल 12 जनवरी को हम राष्ट्रीय युवा दिवस मनाते हैं, उन्हीं की प्रेरणा से आज 12 जनवरी को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के लिए चुना गया है।

आपने यहां जो प्रेजेंटेशन रखे वह दिखाता है कि हमारी अमृत पीढ़ी विकसित भारत के निर्माण के लिए कितनी संकल्पित है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारत में जेन' की मिजाज क्या है। भारत का जेन' कितनी रचनात्मकता से भरा हुआ है। पिछले दस सालों में, हमने जो रिफॉर्म्स शुरू किए थे, वे अब एक रिफॉर्म एक्सप्रेस बन गए हैं। इन रिफॉर्म्स के दिल में हमारी युवा शक्ति है।

2047 में देश की आजादी के 100 साल पूरे होंगे। वहां तक पहुंचने का सफर भारत के लिए बहुत अहम है। यह समय आपके जीवन के लिए भी खास है। आपकी



ताकत और मेहनत से ही भारत मजबूत बनेगा। आपकी सफलता से देश को आगे बढ़ने की नई दिशा और ऊंचाई मिलेगी। मैंने जब आपसे बातचीत शुरू की तो 2014 का जिक्र किया था, तब आपमें से ज्यादातर युवा 8-10 साल के रहे होंगे।

### विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का दूसरा संस्करण

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का यह दूसरा संस्करण है। यह एक राष्ट्रीय मंच है, जिसका मकसद देश के युवाओं को सीधे राष्ट्रीय नेतृत्व से जोड़ना है, ताकि वे अपने विचार और सुझाव सामने रख सकें। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस पर दिए गए उस आह्वान से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने बिना किसी राजनीतिक जुड़ाव के एक लाख युवाओं को देश के विकास से जोड़ने की बात कही थी।

9 से 12 जनवरी 2026 तक चल रहे इस कार्यक्रम में देशभर से 50 लाख से ज्यादा युवाओं ने अलग-अलग स्तर पर हिस्सा लिया है। इनमें से राष्ट्रीय स्तर पर चुने गए युवाओं का चयन तीन चरणों में हुआ। इस चयन प्रक्रिया में डिजिटल क्विज, निबंध प्रतियोगिता और राज्य स्तर पर विजन प्रेजेंटेशन शामिल थे। इस बार कार्यक्रम में कुछ नए सेशन भी जोड़े गए हैं। इनमें 'डिजाइन फॉर भारत', 'टेक फॉर विकसित भारत- हैक फॉर ए सोशल कॉज', अलग-अलग विषयों पर चर्चा और पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों की भागीदारी शामिल है।

# मोदी जर्मन चांसलर से मिले, साथ मिलकर पतंग उड़ाई

## पीएम ने कहा- भारत-जर्मनी करीबी सहयोगी, भारत में 2000 से ज्यादा जर्मन कंपनियां



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच सोमवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर कनवेंशन सेंटर में द्विपक्षीय वार्ता हुई।

वार्ता के बाद पीएम ने कहा- भारत-जर्मनी करीबी सहयोगी हैं। इसीलिए आज भारत में 2000 से ज्यादा जर्मन कंपनियां हैं। यह जर्मनी के भारत के प्रति अटूट विश्वास को दर्शाता है।

भारत और जर्मन नई परियोजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत और जर्मनी हरेक फील्ड में मिलकर काम कर रहे हैं। आज हुए एमओयू से और मजबूती बढ़ेगी। भारत और जर्मनी हरेक फील्ड में मिलकर काम कर रहे हैं। आज हुए एमओयू से और मजबूती बढ़ेगी।

### पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें...

चांसलर मर्ज की ये यात्रा एक विशेष समय पर हो रही है। पिछले वर्ष हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे किए और इस वर्ष हम अपने राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष भी मना रहे हैं।

भारत-जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं के बीच करीबी सहयोग पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है। रक्षा व्यापार से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए मैं चांसलर मर्ज का आभार व्यक्त करता हूं।

रक्षा और सुरक्षा में बढ़ता सहयोग हमारे आपसी भरोसे और साझी सोच का प्रतीक है। बढ़ते व्यापार और निवेश संबंधों ने हमारी स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को नई ऊर्जा दी है।

# ईरान हिंसा- तेहरान के हॉस्पिटल के सामने लाशों का ढेर

## लोग अपने परिवार वालों को तलाश रहे; 15 दिन में 544 लोगों की मौतें

तेहरान।

ईरान में पिछले 15 दिन से हिंसक विरोध प्रदर्शन जारी है। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हिंसा में अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, 10,681 लोगों को हिरासत में लिया गया है। ईरान की राजधानी तेहरान में एक हॉस्पिटल के बाहर लोगों की लाशों का ढेर पड़ा हुआ है। इस ढेर में कुछ लोग अपने परिवार वालों के लाशों की तलाश कर रहे हैं। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मौजूदा हालात को आतंकी युद्ध बताया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि ईरान में इस समय जो कुछ हो रहा है, वो एक आतंकी युद्ध है। अब्बास अराघची के मुताबिक, इस हिंसा में शामिल आतंकी तत्वों ने सरकारी इमारतों, पुलिस थानों और कारोबार से जुड़ी जगहों पर हमले किए हैं। ये घटनाएं प्लानिंग के साथ की गई हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरानी अधिकारियों के पास ऐसे ऑडियो रिकॉर्ड मौजूद हैं, जिनमें आतंकियों को आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर गोली चलाने के आदेश दिए गए हैं।

### प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने का आरोप

इससे पहले अराघची ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने और जिंदा जलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने इसे इजराइली की खुफिया एजेंसी मोसाद की साजिश बताते हुए हमले का वीडियो भी शेयर किया था। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हिंसा में अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, 10,681 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### अमेरिका में ईरान विरोधी रैली में ट्रक घुसा:कई लोगों को कुचला

अमेरिका में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान एक ट्रक रैली में घुस गया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर पर हमला करने की कोशिश की। घटना रविवार दोपहर लॉस एंजिलिस में हुई, जहां सैकड़ों लोग ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में मार्च कर रहे थे। घटना में कितने लोग घायल हुए हैं, यह साफ नहीं है।



### कोबरी-सार



## निबंध और भाषण प्रतियोगिता आयोजित



निसं

**साण्डवा ( नवयत्न )।** अभिलाषा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं अभिलाषा महाविद्यालय के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती व युवा दिवस 2026 पर निबंध व भाषण प्रतियोगिताओं का सामूहिक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप बी.एड. प्राचार्य डॉ. भारत भूषण भारतीय ने शिरकत की। जिन्होने स्वामी विवाकानंद के सिद्धांतो के बारे में जानकारी दी। उन्होने बताया कि कैसे एक युवा विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में उतार कर अपने जीवन का तो सुधार करेंगे ही अपितु पूरे राष्ट्र के युवाओं को प्रेरित कर सकते है कि कैसे एक युवा देश की दिशा और दशा दोनों बदल सकता है। इन्होने विवेकानंद के मुख्य सिद्धांतों शिक्षा, आत्मविश्वास, मानवता, राष्ट्रवाद पर भी बात की। जो युवाओं को निडर, आत्मनिर्भर, कर्मठ बनाती है। इस कार्यक्रम में बी.एड. प्रशिक्षणार्थीयों ने व डिग्री कॉलेज के छात्रों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद व स्टॉफरूपा देवी, लेखराम सारण, रामदेव भांभू, निशा पारीक, लीला मौर्य, रामेश्वर लाल मौर्य, बनवारी लाल बाटड़, अजीत सिंह, अर्जुन सिंह व संजय शुक्ला मौजूद रहै।

## रात्रि चौपाल में पहुंचे चिकित्सा मंत्री खींवसर



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के रोड़ा में उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने की घोषणा की गई है। रविवार रात को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने रोड़ा ग्राम पंचायत में जनसुनवाई और रात्रि चौपाल की। इस दौरान उन्होंने विकसित भारत-जीरामजी योजना के प्रावधानों की जानकारी दी और कहा कि ये योजना ग्रामीण जीवन में बड़े बदलाव लाएगी, जिससे स्थायी आजीविका और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित होगी। मंत्री खींवसर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने बताया कि विकसित भारत-जीरामजी योजना केवल रोजगार का वादा नहीं बल्कि स्थायी आजीविका की गारंटी है। ये योजना ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाकर विकसित भारत की नींव मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2047 तक ग्रामीण क्षेत्रों को पूर्णत: विकसित करना है। ये प्रधानमंत्री के दूरगामी दृष्टिकोण पर आधारित एक महत्वपूर्ण पहल है। जनसुनवाई के दौरान मंत्री खींवसर ने रोड़ा के उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में क्रमोन्नत करने की घोषणा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। पूर्व विधायक और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारीलाल बिश्नोई ने इस अवसर पर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने मंत्री खींवसर को नोखा में स्वीकृत जिला अस्पताल के कोर्ट में लंबित मामले से अवगत कराया और इसे शीघ्र सुलझाकर आम जनता को लाभ दिलाने का आग्रह किया। इससे पहले ग्रामीणों ने मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर और पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई का शॉल, साफा और पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।

इस कार्यक्रम में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारी लाल मीणा, उपखंड अधिकारी गोपाल जांगिड़, तहसीलदार चंद्रशेखर टाक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई में महावीर सारस्वत, धर्मवीर सिंह, धुंड़ सिंह राजपूत, लालचंद भादू, मांगू सिंह और आनंद मल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मां की ममता पाठशाला के बच्चों को दिए कंबल



बाबूलाल वर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सेठ रामप्रताप सौंथलिया रा. उच्च मा. विद्यालय इस्लामपुर में कार्यरत शिक्षिका, कवयित्री नीलम मुकेश वर्मा ने ममता सेवा समिति द्वारा संचालित माँ की ममता पाठशाला में अध्ययनरत झुग्गी झोंपड़ी में रहने वाले एवं जरूरतमंद बच्चों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर मुकेश कुमार, पूर्णमल कालेर, बंटी कालेर, शिक्षिका वंदना, प्रियंका आदि उपस्थित थे। पाठशाला के अध्यक्ष अक्षय गोदारा व सचिव सुमन पूनिया ने शिक्षिका नीलम मुकेश वर्मा द्वारा किए गए सेवा कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# राजकीय स्कूल के व्याख्याता का ट्रांसफर होने पर बच्चों में आक्रोश

## स्कूल गेट पर तालाबंदी कर की ट्रांसफर निरस्त करने की मांग

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के कांकरिया गांव के शहीद रोहिताश गुर्जर राजकीय स्कूल के व्याख्याता का ट्रांसफर कर देने से बच्चों व ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। सोमवार को स्कूल के बच्चों व अभिभावकों ने स्कूल के मुख्य गेट पर तारबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ट्रांसफर निरस्त नहीं करने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में कार्यरत रघुवीर मीणा अंग्रेजी विषय के व्याख्याता के पद पर कार्यरत है। वह करीब चार साल पहले सिरोही जिले से ट्रांसफर होकर कांकरिया के राजकीय स्कूल में आए थे। जब वह यहां आए तो स्कूल की हालत काफी दयनीय थी तथा बच्चों का नामांकन भी बहुत कम था। उनके आने के बाद उन्होंने स्कूल में बच्चों के पीने के पानी के लिए फिल्टर वाटर प्लांट, स्कूल की मरम्मत का कार्य, सीसीटीवी कैमरे भामाशाह व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से स्कूल का विकास कार्य करवाया। जिसके बाद व्याख्याता रघुवीर सिंह के प्रयास से स्कूल का नामांकन भी बढ़ाया गया। जिससे स्कूल बेहतर प्रगति कर रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि राजनीति देषता के चलते व्याख्याता रघुवीर सिंह का ट्रांसफर जैसलमेर किया गया है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ट्रांसफर होने की सूचना पर ग्रामीण व बच्चे स्कूल के सामने एकत्रित हो गए तथा स्कूल के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर ट्रांसफर निरस्त करने की मांग करने लगे। घटना की सूचना पर एसीबीईओ राजेश कुमावत, बबाई थानाधिकारी राजपाल सिंह, सरपंच रोहिताश गुर्जर सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा प्रदर्शन करने वालों से समझाइश कर ताला खुलवाने का प्रयास किया लेकिन वह ट्रांसफर निरस्त नहीं होने तक ताला नहीं खोलने की बात पर अड़े रहे। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर व्याख्याता रघुवीर सिंह से बच्चों व ग्रामीणों से समझाइश की तो तालाबंदी खोली गई। प्रधानाचार्य घनश्याम ने बताया कि सरकारी कर्मचारी के लिए ट्रांसफर होने एक प्रक्रिया है। सरकार के आदेश का पालन करना कर्मचारी का दायित्व होता है। ग्रामीणों व बच्चों द्वारा स्कूल पर की गई तालाबंदी गलत है। इस दौरान ग्रामीणों ने जल्द ट्रांसफर निरस्त नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर महीपाल सिंह, अंतरिक्ष मीणा, नेमीचंद, रणजीत सिंह, नरोत्तम शर्मा, मुकेश कुमार, प्रभूदयाल, मंदीप खटाणा, विक्रम सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## खाली जमीन पर ईंट डालकर कब्जे का प्रयास



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के नानूवाली बावड़ी में काफी समय से खाली पड़ी जमीन पर ईंट डालकर कब्जे का प्रयास करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने थानाधिकारी से मिलकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों ने थानाधिकारी मोहनलाल को बताया कि नानूवाली बावड़ी में बिरला सांस्कृतिक ट्रस्ट के नाम से भूमि है। इसके बेचान को लेकर न्यायालय में मामला भी विचाराधीन है। आम जनता इस भूमि पर कालेज भवन बनवाने के लिए प्रयास कर रही है। 9 जनवरी को चोरी छिपे इस जमीन पर ईंट डालकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। पहले भी कई बार इस जमीन पर कब्जे का प्रयास किया गया था। जमीन बेशकीमती होने के कारण इस जमीन पर कुछ लोगों की नजरे टीकी हुई तथा तथा इस जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है तथा कोई बड़ी वारदात होने की संभावना भी बनी हुई है। इस दौरान ग्रामीणों ने थानाधिकारी से कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा जमीन पर डाली गई ईंटों को उठवाने की मांग की। इस दौरान थानाधिकारी ने जल्द मामले की जानकारी जुटाकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया है। इस मौके पर सरपंच रमेश सैनी, मोतीलाल, रोहिताश, हेमराज, अशोक कुमार, विकास, राहुल, ओमप्रकाश सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## युग पुरुष स्वामी विवेकानंद को दी श्रद्धांजलि



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** युग पुरुष स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर शहर की हृदयस्थली विवेकानन्द चौक में सादगी की प्रतिमूर्ति स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर नमन कर श्रद्धा के फुल अर्पित किए गए। विवेकानन्द सर्किल में प्रतिमा स्थल पर हुए कार्यक्रम के दौरान के विवेकानंद मित्र परिषद के सौजन्य से सुभाष मावंडिया के मुख्य आतिथ्य में पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। इस दौरान मावंडिया ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युग पुरुष थे और उन्होंने अपना जीवन राष्ट्र जागरण में लगाया। परिषद संरक्षक रोहिताश्व महला ने स्वामीजी के जीवन से सभी को प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

इस दौरान परिषद के महेश शर्मा धन्ना, शशिकांत तिवाड़ी, रमेश कोतवाल, अशोक अग्रवाल, अमर सिंह कोकचा, सांवरमल जांगिड़ आदि ने भी स्वामीजी से जुड़े प्रसंग सुनाए। इस मौके पर परिषद के पवन टेलर लाला, मुंशी सेवक सैन, छाजूराम टेलर, रतिराम, संजय बदनगढ़िया, संजय स्वामी, शिव कुमार सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर भारतीय ज्ञान परंपरा विषयक परिचर्चा आयोजित

निसं



**बीकानेर ( नवयत्न )।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में वैश्विक संदर्भों में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें बोलते हुए मुख्य वक्ता संस्कृतिकर्मी डॉ राजेश व्यास ने कहा कि भारतवर्ष का हासिल ही ज्ञान है और वही उसने विश्व को दिया तभी विश्वगुरु कहलाया। कल्हण की राजतरंगिणी हो चाहे जयदेव का गीतगोविन्द सभी में भारतीय सभ्यता संस्कृति से विश्व को परिचित करवाया गया है। भारतीय युवा आज के डिजिटल युग में सर्वथा लिखित साहित्य से दूर होता जा रहा है जो चिंताजनक है। आवश्यकता इस बात की है कि युवा पीढ़ी इस बात को समझे कि भारतीय ज्ञान परंपरा न सिर्फ पाठ्यक्रम का हिस्सा मात्र है बल्कि जीवनमूल्यों, वैज्ञानिक चेतना और तर्कशीलता की भी संवाहक है। इससे पूर्व स्वागत भाषण अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ मेघना शर्मा द्वारा दिया गया जिन्होंने विषय प्रवर्तन करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को सांस्कृतिक आत्मबोध और राष्ट्रीय पहचान के लिए आवश्यक बताया। डॉ मेघना ने मंच से मुख्य वक्ता डॉ राजेश व्यास का परिचय भी पढ़ा। मंचस्थ समस्त अतिथियों ने स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। योग विभाग के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ योग प्रस्तुतियों के साथ किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित ने युवाओं से विवेकानन्द के बताए पथ का अनुसरण करने की बात कही। परिचर्चा में रामकृष्ण मिशन फाउण्डेशन के अर्जुन सिंह व अयोध्या के सुमधुर शास्त्री ने भी मंच से विचार रखे। मंच संचालन सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ प्रभुदान चारण द्वारा किया गया। इससे पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर व योग विभाग व स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों हेतु रन फॉर स्वदेशी का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रो. राजाराम चोयल, उमेश शर्मा, डॉ अनिल कुमार दुलार, डॉ यशवंत गहलोत की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन के अंत में देशप्रेम व विवेकानंद के संदर्भ में भजनों की प्रस्तुति सुमधुर शास्त्री व ग्रुप द्वारा दी गई। कुलगुरु द्वारा सभी का सम्मान किया गया।

## ज्ञापन : डाडा फतेहपुरा फीडर से नालपुर को अलग करने की मांग

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के डाडा फतेहपुरा के ग्रामीणों ने सोमवार को फतेहपुरा-नालपुर फीडर से नालपुर को अलग करने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर उनके सामने लगातार आ रही समस्या को लेकर अवगत करवाया है। ग्रामीणों ने एसडीएम सुनील कुमार चौहान को ज्ञापन देकर बताया कि मांदरी फिडर से नालपुर गांव तक विद्युत लाइन लगभग पूर्ण रूप से करवाया जा चुका है केवल नालपुर गांव का कनेक्शन जोड़ना बाकी है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि यह प्रशासनिक एवं विभागीय लापरवाही है । पंचायत के समस्त ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही की वजह से यह समस्या पूरे ग्रामीणों को झेलनी पड़ रही है फतेहपुरा -नालपुर फीडर में लगभग 1600 कनेक्शन है । फीडर लाइन लगभग 10 किलोमीटर लम्बी है जो तकनीकी दृष्टि से अत्यधिक असुरक्षित, जर्जर स्थिति में है। कोई भी जन-धन हानि, विद्युत दुर्घटना, पशु हानी होने का अंदेशा बना हुआ है। तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत डाडा फतेहपुरा की यह मांग पूर्ण नहीं होगी तो समस्त ग्रामवासियों द्वारा विवश होकर जन आंदोलन, धरना प्रदर्शन एवं उच्च स्तरीय शिकायत दर्ज करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। इस मौके पर बिरजू सिंह, शेर सिंह, नरेंद्र सिंह, मनजीत सिंह, मोहित सिंह, कालू सिंह पंच, विक्रम बबेरवाल, पूर्व छात्रसंघ सचिव दिनेश बबेरवाल, दीपक सिंह, भोपाल सिंह, गुड्डी देवी, नागेश सिंह, सुरेश सिंह, करतार सिंह, मनोज, राजेंद्र फौजी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत आज चूरू में

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत मंगलवार, 13 जनवरी, 2026 को चूरू आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत मंगलवार, 13 जनवरी, 2026 को सवेरे 10 बजे झुंझुनू से प्रस्थान कर सवेरे 11 बजे चूरू पहुंचेंगे तथा जिला परिषद सभागार में पंच गौरव, डीएमएफटी, डॉ . श्यामाप्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगे। इसके बाद दोपहर 02 :30 बजे चिकित्सकों, अनुसूचित जाति/जनजाति समूह, एनजीओ, सिविल सोसायटी, उपभोक्ता फोरम, कृषक, पशुपालक, डेयरी, संगठनों से तथा शाम 03 :30 बजे युवाओं, खिलाड़ियों, उद्योग एवं सेवा क्षेत्रए व्यापार, कर सलाहकार, राजीविका व महिलाओं से बजट हेतु सुझाव व संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात सायं 04 :30 बजे चूरू से प्रस्थान कर सायं 05 बजे देपालसर पहुंचेंगे और वीबीजीरामजी व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता से संवाद व जनसभा करने के बाद रात्रि 08 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** माँ भवानी मित्र मंडल द्वारा सोमवार को कलश यात्रा निकालने के साथ ही शिव हनुमान मंदिर वार्ड 3 में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में वार्ड के निवासियों, भक्तों और मंडल के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान भजनों और नारों की गूंज से पूरा क्षेत्र भक्ति से सराबोर हो उठा। यात्रा के बाद मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में जयराम, बजरंगलाल, शंकरलाल, सुरेंद्र, काशीराम, मुन्ना, बनवारीलाल, सुखदेव, संजय जमालपुरिया, मनोज कटारिया, मेहर कटारिया, महेश कटारिया, कृष्ण सैनी, जेपी हलवाई, प्रमोद ठेकेदार, विक्की गुर्जर, माडू गुर्जर, मनोज ठेकेदार, महेश इंदोरिया, बंटी सैनी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन माँ भवानी की कृपा और समाज में भक्ति भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होगी।

## आज का युवा और राष्ट्र निर्माण विषय पर संगोष्ठी आयोजित

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी 2026 के उपलक्ष्य पर आज का युवा और राष्ट्र निर्माण विषय पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगत सिंह, भरतपुर स्वयंसेवक संघ झुंझुनू के प्रचारक, मुख्य प्रवक्ता भारत भूषण यादव अखिल भारतीय राज्य विश्वविद्यालय के ए.बी.वी.पी. के संयोजक एवं रोहन गुर्जर, नगर मंत्री ए.बी.पी. झुंझुनू रहे। स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। मुख्य अतिथि ने स्वामी विवेकानंद की जयंती के विषय में विस्तृत रूप से बताया तथा स्वामी विवेकानंद व उनके गुरु स्वामी राधा कृष्ण परमहंस के विषय में बताते हुए कहा कि यह गुरु शिष्य का अनुपम उदाहरण हैं। युवाओं को कहा कि स्वामी के जीवन को पढ़ना ही नहीं अपितू अपने जीवन में उतरना है। जीवन में सकारात्मक विचार ग्रहण कीजिए। परिवार, समाज, पर्यावरण की पुरानी संस्कृति एवं संस्कार को पुनर्जीवित कीजि, और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दीजिए। मुख्य वक्ता भारत भूषण अग्रवाल ने छात्राओं को बताया की स्वामी विवेकानंद की जीवनी को आदर्श बनाकर राष्ट्रहित में कार्य करने हेतु 2 जुलाई 1949 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना की गई थी। विद्यार्थी शक्ति, राष्ट्र शक्ति, अर्थात चरित्रवान विद्यार्थी बनाकर राष्ट्रहित में कार्य करती है एवं युवा, अधिकारों के साथ.साथ कर्त्तव्यों को जानकर उन्हें पूरा करें। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानू ने छात्राओं को बताया कि स्वामी विवेकानंद की जीवनी से युवाओं को ज्ञान, परिश्रम व आत्मविश्वास से आगे बढ़ाने की प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुसार कार्य करें और सदैव प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे।

आज युवा दिवस के अवसर पर अपनी योग्यता की पहचान कर अपने विकास, राष्ट्र निर्माण व राष्ट्र विकास में योगदान देने का संकल्प लेने हेतु प्रेरित किया। मुख्य वक्ता रोहन गुर्जर ने उपस्थित अतिथियों व छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य व छात्र उपस्थित रहे।

## विवेकानन्द का जन्म दिवस कैरियर डे के रूप में मनाया

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित एसीआई सी. सै. स्कूल में महान सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति की सुगंध को विश्व स्तर पर प्रसारित करने वाले अद्वितीय आध्यात्मिक गुरू युवा सन्यासी स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस एवं कैरियर डे के रूप में संस्था निदेशक मनोज शर्मा के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया।

इस अवसर पर संस्था निदेशक विकास शर्मा ने कहा कि युवा अगर ठान ले तो राष्ट्र को सर्वोत्कृष्टता की ओर ले जा सकते है, उन्होने कहा की महज 30 वर्ष की आयु में शिकागो सम्मेलन में आयोजित




विश्व धर्म सभा में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने ओजस्वी उद्बोधन से सारी दुनिया का मार्ग प्रशस्त करने वाले आध्यात्म, ज्ञान, योग, संस्कार के सिरमौर संत स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ एवं भारत सरकार ने 1984 में इसे राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने की घोषणा की विवेकानन्द जी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत एवं युगदृष्टा थे। वहीं निदेशक मनोज शर्मा ने विवेकानन्द को हिन्दु सनातन संस्कृति के संवाहक, युवा शब्द की सार्थकता प्रदान करने वाले कहा। उन्होने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा की अपने भीतर के विद्यार्थी को जिंदा रखे, जिज्ञासु बने रहे, खुशी को अपने काम के केन्द्र में रखे क्योंकि खुशी के बिना सफलता खोखली है।

# फील्ड स्तरीय मशीनरी को रखें मुस्तैद, आमजन के परिवादों का हो त्वरित निस्तारण : सुराणा

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक में बजट घोषणाओं, फ्लैगशिप योजनाओं, विभागीय कार्यक्रमों सहित आवश्यक सेवाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि विभागीय सेवाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण लाभ आमजन को मिले। अधिकारी फील्ड स्तरीय मशीनरी को मुस्तैद रखें और आमजन से प्राप्त परिवादों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने बिजली, पानी, चिकित्सा आदि आवश्यक सेवाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी सेवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करें और किसी भी स्तर पर शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित निस्तारण करें। जिला कलक्टर सुराणा ने डिस्कॉम के अधिकारियों को पीएम सूर्यघर योजना में प्राप्त आवेदनों तथा इंस्टाल किए गए सोलर संयंत्रों में गैप को कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को प्रोत्साहित करें और अधिकाधिक संयंत्र स्थापित करें।

डिस्कॉम के अधिकारी वेंडरों के साथ बैठक कर आमजन को प्रोत्साहित करने हेतु प्रेरित करें। इसी के साथ बैंक अधिकारियों से चर्चा कर ऋण आदि के लिए भी सहयोग की अपील करें। उन्होंने कहा कि गत 01 वर्ष में खराब हो जाने पर रिप्लेस किए गए ट्रांसफार्मरों में से खराब हो जाने वाले ट्रांसफार्मरों का एनालिसिस करें व कारणों का पता करते हुए दुरुस्त करवाएं। उन्होंने कहा कि जिले में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रहे और आरडीएसएस योजना में ढाणियों में कनेक्शन के लिए सर्वे को यथाशीघ्र पूरा करें। इसी के साथ उन्होंने पीएम कुसुम योजना अंतर्गत कंपोनेंट, व सी में प्रगति, स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन और प्रोजेक्ट के कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने पीएचईडी के अधिकारियों को प्रोजेक्ट कार्यों, जल जीवन मिशन व अमृत योजना अंतर्गत कार्यों की मॉनीटरिंग करने तथा नल कनेक्शन को पूरा करने, ग्रीष्मकाल कंटीजेन्सी के लिए प्लानिंग करने तथा विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। सुराणा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अधिकारियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और पालनहार योजना के सत्यापन के निर्देश दिए और सानिवि अधिकारियों से बजट घोषणाओं में सड़क व विकास कार्यों तथा जिले में अन्य सड़क, आरओबी व निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उन्होंने पंच गौरव योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में टेंडर जारी कर कार्यादेश जारी करने, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना अंतर्गत साइंस म्यूजियम, कन्वेंशन सेंटर, जिम्मेजियम और राजगढ़ में निर्माण कार्यों, डीएमएफटी अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के तकनीकी, प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी करने तथा कार्यों को चालू करवाने और बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, सांसद व विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, डीसीएफ भवानी सिंह, सीडीईओ संतोष महर्षि, सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा, एसीईओ दुर्गा ढ़ाका, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, पीएचईडी प्रोजेक्ट एसई राममूर्ति, पीएचईडी एसई चुन्नीलाल, सजेईडी डीडी नगेंद्र सिंह, सीपीओ भागचंद खारिया, सांख्यिकी उप निदेशक डॉ. रामगोपाल सेपट, चूरू नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ई-मित्र से लौट रहे युवक का अपहरण

निसं



**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर में ई-मित्र से घर लौट रहे युवक का कार सवारों ने अपहरण कर लिया। बदमाशों ने युवक के साथ गाड़ी में मारपीट की और देर रात डूंगरगढ़ धीरदेसर के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई हेमराज ने बताया कि राजलदेसर वार्ड 6 निवासी संजय कुमार नाई ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। संजय ने बताया कि उनकी ई-मित्र की दुकान है और वह रात करीब आठ बजे दुकान से घर लौट रहे थे। रास्ते में पालिका उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश घिंटाला के घर के पास एक कार खड़ी थी, जिसके पास कुछ युवक खड़े थे और कुछ कार के अंदर बैठे थे। युवकों ने संजय को रोककर किसी का पता पूछा। इसी दौरान उन्होंने रुमाल से संजय का मुंह ढ़का और उसे जबरन गाड़ी में डाल लिया। गाड़ी में संजय के साथ मारपीट की गई और गाली-गलौज भी की गई। बदमाशों ने संजय के पास रखे एक लाख चालीस हजार रुपए भी छीन लिए। अपहरण की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में कड़ी नाकाबंदी करवाई। अपहरणकर्ता संजय को कितासर, धीरदेसर डूंगरगढ़ के पास देर रात गाड़ी से बाहर फेक कर भाग गए। पुलिस जाँच में जुट गई है तथा कारणों का पता करने में लगी हुई है कि युवक का अपहरण क्यों किया था। पुलिस ने पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर अपहरण का मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित संजय ने बताया कि आरोपियों के पास देसी कट्टा सहित अन्य हथियार थे उन्हें मारने तक की भी धमकी दी गई।

## निर्मल सैनी बने टेंट यूनियन के राष्ट्रीय सचिव

निसं



**राजलदेसर (नवयत्न)।** कस्बे के 32 वर्षीय टेंट यूनियन के राजलदेसर टेंट यूनियन के शहर अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष तक अपना संगठन में अपना सफल तय करने वाला निर्मल सैनी जो की चुरू जिले के अंदर टेंट व्यवसाय में अपनी अलग पहचान रखता है चाहे बड़े राजनीतिक नेताओं की रैलियां हो चाय विवाह शादी आदि में सैनी टेंट हाउस के नाम से शानदार डेकोरेशन का कार्य इनका किया जाता है इसके अलावा गरीब कन्याओं की शादी में उनके द्वारा न्यूनतम रेट में टेंट लगाया जाता है एवं सामाजिक कार्यों में हमेशा अपनी अग्रणी भूमिका निभाता है इसी को ध्यान में रखते हुए टेंट यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जिंदल ने निर्मल सैनी को टेंट यूनियन का राष्ट्रीय सचिव बनाने की घोषणा की जिस पर राजलदेसर कस्बे की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं केपदाधिकारी ने राजनेताओं ने मीडिया कर्मियों ने निर्मल सैनी को इस महत्वपूर्ण जिम्मेवारी के पद पर नियुक्ति प्रदान करने पर निर्मल सैनी को बधाई पेसित की एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया वर्तमान में निर्मल की लोकप्रियता को देखते हुए संगठन के प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी ने 2028 में रतनगढ़ के चुनाव लड़ने की भी घोषणा की थी।

## राष्ट्र जागरण ज्योति कलश रथयात्रा का किया स्वागत



रामावतार सोनी

**बुगाला (नवयत्न)।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में राष्ट्र जागरण ज्योति कलश रथ यात्रा का कारी व जाखल में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कारी में सौरभ कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्टाफ सदस्यों ने अखंड दीपक एवं शक्ति कलश का पूजन कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। वही जाखल में पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा 1962 में यहां 24 कुंडिय यज्ञ किया गया था उस स्थान पर विशाल संस्कार सभा हुई, जिसमें नशामुक्ति, चरित्र निर्माण, सामाजिक समरसता और राष्ट्र सेवा का संदेश दिया गया। गायत्री परिवार के कार्यक्रमों और विचारों को जीवन में अपनाने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला संयोजक देवेंद्र सिंह ओलखा, ब्लॉक प्रभारी कृष्ण कुमार दायमा एवं रथ संयोजक एडवोकेट कल्याण सिंह झाझड़ ने अत्यंत प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी उद्बोधन दिए। इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी बृजलाल मारोठिया, चिरंजीलाल सैनी, भगवती प्रसाद शर्मा, रामपाल मेवानी, ओमप्रकाश धाभाई, शंकर गुर्जर, संतोष दायमा, दीपमाला शर्मा, सुरेंद्र सैन, प्रताप सिंह पिलानी, गोविंद सोनी, मदनलाल जांगिड़ सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## विवेकानंद जयंती : 163 सूर्य नमस्कार से मनाया युवा दिवस



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** पतंजलि योग समिति ने युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की 163 वी जयंती पेंशन समाज कल्याण भवन में मनाई। इस अवसर पर योग शिक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में योग साधको ने शुभकरण चौधरी पूर्व विधायक के सानिध्य में योगाभ्यास के बाद 163 सूर्य नमस्कार का लगातार अभ्यास किया। इस अवसर पर पवन कुमार ने कहा की युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाना चाहिए आज युवा पथभ्रष्ट हो रहा हैं। कार्यक्रम में ओमप्रकाश मीणा, रामनिवास जिनोलिया, प्रीति शर्मा, सत्यदेव दड़िया, संजय अग्रवाल, रामसिंह, प्रीति शर्मा, रजनी जिनोलिया भी उपस्थित रहे।

## स्काउट गाइड प्रशिक्षण तृतीय सोपान का सीबीईओ ने किया अवलोकन

निसं



**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ रतनगढ़ के तत्वावधान में स्थानीय श्री गणेश बाल निकेतन विद्यालय फ्रेंड्स सोसायटी, में आयोजित द्वितीय/तृतीय सोपान स्काउट गाइड प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का अवलोकन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास द्वारा किया गया । स्काउट के प्रणेता डॉक्टर बेडेन पावेल के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन से शुरू हुए कार्यक्रम में मंच पर राजलदेसर युवा विकास समिति के अध्यक्ष व उप प्रधान रतनलाल बारूपाल, स्थानीय संघ रतनगढ़ के अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान, मंत्री मदन दाधीच, शिव भगवान सोनी, विनोद भाटिया, मुकेश श्रीमाल, एडवोकेट जगदीश बालानिया, वीरेंद्र लाटा व समाजसेवी पूनम चंद्र गर्ग उपस्थित थे। स्थानीय संघ के सचिव राकेश नायक ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत् किया शिविर संचालक ओमप्रकाश मेघवाल ने शिविर संबंधी क्रियाकलापों की जानकारी दी । कार्यक्रम में राजलदेसर युवा विकास समिति के आर्थिक सौजन्य से उपस्थित सभी स्काउट, गाइड व प्रतिनियुक्त स्टाफ को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए । इस अवसर पर स्थानीय संघ चूरू के सचिव ओमप्रकाश खिंवासर एक्रार्टर मास्टर रामचंद्र प्रजापत, संस्था प्रधान रोहित प्रजापत, डूंगरराम प्रजापत, पूनम सेन, विमला चौधरी, सूर्य प्रकाश, मोहनलाल प्रजापत, सत्यनारायण टेलर, मनोज सारस्वत सहित स्काउट व गाइड उपस्थित रहे।

## पशु कल्याण पखवाड़ा 14 से 30 जनवरी तक

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के मार्गदर्शन में जिले में पशु कल्याण पखवाड़ा 14 से 30 जनवरी तक मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त निदेशक पशुपालनद्ध डॉ. सुनील मेहरा ने बताया कि पखवाड़े के दौरान पशु-पक्षियों के प्रति आमजन में दया भाव, करूणा एवं मैत्री भाव जागृत करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पशु कल्याण पखवाड़े के अन्तर्गत चाईनीज व धातु मिश्रित तथा सिंथेटिक एवं प्लास्टिक से बने हुए एसे मांझे के उपयोग पर पूर्णतया रोक लगाई गई है, जो नॉन-बायोडिग्रेडेबल है। जिले में पतंगबाजी का कार्यक्रम भी सवेरे 08 बजे से शाम 05 बजे तक ही रहेगा। सुबह-शाम आकाश में पक्षियों का स्वच्छन्द विचरण सुगम बनाये रखने के लिए पतंगबाजी पर सवेरे 6 से 08 तथा शाम 05 से 07 बजे तक रोक रहेगी। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी को सभी शहरी निकाय मुख्यालयों पर पतंगबाजी में घायल पशु-पक्षियों के उपचार हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी पशु चिकित्सा संस्थाएं यह सुविधा सम्पादित करेंगी। पशु कल्याण पखवाड़ा के दौरान गौशालाओं व पशुपालकों के बाड़ों व परिसरों में पशुओं के लिए साफसफाई की व्यवस्था व साफ पानी एवं सर्दी से बचावए रोगों की रोकथाम व टीकाकरण एवं आमजन में पशु-पक्षियों के प्रति दयाभाव, करूणा व प्रेम जागृत करने हेतु जनजागरण अभियान चलाकर जन सामान्य को पशु क्रूरता रोकथाम की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस व 30 जनवरी 2024 को सर्वोदय दिवस महात्मा गांधी शहीद दिवस को सम्पूर्ण जिले में मांस की दुकानों में पशु-पक्षियों का वध व मांस की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा, जिसे ग्रामीण क्षेत्र में जिला परिषद के पर्यवक्षण में सम्बन्धित सभी विकास अधिकारी तथा शहरी क्षेत्र में स्थानीय नगर निकायों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में छात्र-छात्राओं को भाषण, वाद विवाद, निबन्ध व चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से पशु पक्षियों के प्रति मैत्री व करूणा भाव तथा पशु क्रूरता की रोकथाम के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए जिला कलक्टर द्वारा शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा अवैध रूप से व नियमानुसार पशुओं का परिवहन न करने वाले वाहनों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये हैं। पखवाड़े के दौरान पशुपालन विभाग के अधिकारी भी शहर की शिक्षण संस्थाओं में डॉक्यूमेन्ट्री के माध्यम से छात्र.छात्राओं को जानकारी देंगे।

## मनरेगा बचाओ संग्राम जनआंदोलन अभियान के तहत बैठक आयोजित

निसं



**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज लाछड़सर मंडल, ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा के सान्निध्य में भानीराम मेघवाल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। विधायक गोदारा ने कहा कि केंद्र सरकार नरेगा एक्ट में संशोधन कर ग्रामीण व गरीब जनता के साथ रोजगार की गारंटी खत्म कर खिलवाड़ करने पर उतारू है, योजनाओं के नाम बदलने की भाजपा सरकार की आदत रही है। इन्होंने नरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटा दिया, विधायक ने उपस्थित सभी से मनरेगा बचाओ संग्राम जनआंदोलन में सहयोग करने की अपील की। पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा व भानीराम मेघवाल ने कहा कि वार्ड चौपाल में व नरेगा मजदूरों तक केंद्र सरकार के प्रस्तावित संशोधनों के दुष्प्रभावों से होने वाली स्थिति से अवगत करवाया जाए। बैठक को सुरेन्द्र हुड्डा, अजय बंसिया, शहर अध्यक्ष इलियास खान, मंडल अध्यक्ष दिलीप बिस्सू, ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में तिलोक बिस्सू, सहीराम , शंकर लाल, सरपंच प्रतिनिधि गोपाल सहु, चुनी लाल, भागीरथ खीचड़, श्रवण सहू, गोपीराम, हरीराम, गणेशाराम भाकर, भैरा राम, कालूराम, चरण सिंह कोका, निराणाराम बिस्सू, पुरख दास स्वामी, पदमाराम भाकर, चिमनाराम मेघवाल, भंवरा राम नायक, विनोद सहू, जीवाराम मेघवाल, मामराज जाखड़ सहित जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता, मनरेगा श्रमिक, महिलाएं एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मनरेगा की रक्षा के लिए कांग्रेस के आंदोलन को समर्थन देने का संकल्प लिया।

## गौ चिकित्सा सेवा कक्ष का लोकार्पण कल

निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** मेरा संकल्प जाखल द्वारा बाबा सुन्दरदास गोपाल गौशाला जाखल में नव-निर्मित गौ चिकित्सा सेवा केंद्र का लोकार्पण कल मकर संक्रांति के मौके पर होगा। अध्यक्ष प्रताप सिंह मूंड ने बताया कि टोडी वाले बालाजी मंदिर महंत नीकुदास मुख्य अतिथि रहेंगे। यहाँ बीमार एवं पीड़ित गौ वंश के उपचार हेतु स्वच्छ, हवादार एवं सुव्यवस्थित कक्ष तैयार किया गया है ताकि उपचार के दौरान गौ माता को सुरक्षा, सुविधा और सुकून का अनुभव हो।

दैनिक एवं आपातकालीन उपचार हेतु आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।

## 50 महिलाओं को स्वेटर वितरित



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर कस्बे में लगातार पड़ रही कड़ाके की सर्दी को देखते हुए राजलदेसर युवा विकास समिति द्वारा वार्ड नंबर 23 में आंगनबाड़ी केंद्र में जरूरतमंद परिवार की महिलाओं को 50 स्वेटर वितरण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा विकास समिति के संरक्षक पूनम चंद्र गर्ग, कार्यक्रम के अध्यक्ष वीरेंद्र लाटा, विशिष्ट अतिथि युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमला प्रजापत के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के अध्यक्ष वीरेंद्र लाटा ने कहा युवा विकास समिति द्वारा जो वार्ड वाइज जरूरतमंद परिवार की महिलाओं को सर्दी के मौसम को देखते हुए 300 स्वेटर वितरण का जो कार्यक्रम रखा है उसके लिए समिति के सभी सदस्य साधुवाद के पात्र हैं। कार्यक्रम में कमला प्रजापत ने कहा युवा विकास समिति आंगनवाड़ी केंद्र में हमेशा सहयोग प्रदान करती है आज जो स्वेटर वितरण का कार्य किया है बहुत पुन्य का कार्य किया है कार्यक्रम में युवा विकास समिति के मंत्री मदन दाधीच ने कहा युवा विकास समिति के सदस्यों की ओर से 300 स्वेटर वितरित करने का कार्य किया है आगे भी इसी तरह से समिति कार्य करती रहेगी। इससे पहले छतर सिंह बोथरा परिवारों की ओर से 1000 हजार कंबल भी ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित कर दी गई है।

इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष मुकेश श्रीमाल, शिव भगवान सोनी, ओमप्रकाश बामनिया, एडवोकेट जगदीश बलानिया, विनोद भाटिया आदि उपस्थित रहे।

## युवा दिवस पर राज्य स्तरीय युवा उर्जा संगम आयोजित

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी कस्बे के अजीत विवेक संग्रहालय रामकृष्ण मिशन परिसर में सोमवार को युवा दिवस पर राज्य स्तरीय युवा उर्जा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, विशिष्ट विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर, स्वामी तन्मयानंद महाराज थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सतीश पूनिया ने कहा कि एक राष्ट्र जब सशक्त बनता है जब उस देश का युवा उसकी ताकत बनता है। आज भारत विश्व शक्ति की ओर बढ़ रहा है। स्वामी विवेकानंद राष्ट्र निर्माता के रूप में उभरे थे। स्वामी विवेकानंद खेतड़ी की पावन धरा पर तीन बार पधारे और विश्व में पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पहले भारत को गरीब राष्ट्र के रूप में देखा जाता था लेकिन विवेकानंद ने जब शिकागो धर्म सम्मेलन में सनातन धर्म का परचम लहराया तो भारत को आध्यात्मिक गुरु के रूप में देखा जाने लगा। युवाओं को अपने स्वार्थ से उठकर राष्ट्र हित में कार्य करना चाहिए। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का खेतड़ी से गहरा नाता रहा है। सनातन धर्म संस्कृति में खेतड़ी के राजा अजीत सिंह और स्वामी विवेकानंद का काफी योगदान रहा है। स्वामी विवेकानंद ने अल्प आयु में संन्यास धारण कर युवाओं को सनातन धर्म का ज्ञान करवाया। युवा दिवस कार्यक्रम पर शेखावाटी के 16 कॉलेजों के 50 प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। इस मौके पर कवि मुकेश मोरवा, पूर्व विधायक सुभाष पूनिया, अशोक सिंह शेखावत, इंजी प्यारेलाल ढूकिया, हरिराम रिणवा, दिनेश धाबाई, पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, सुरेश पांडे, जिला मंत्री निखिल शर्मा, सुभाष शर्मा, सुरेंद्र भाटीया, रतनसिंह तंवर, नगेंद्र सिंह सोढ़ा, गजेन्द्र जलंद्रा, रामकिशन खीचड़, कृष्ण कुमार, बबलू अवाना, प्रभू राजोता, महेंद्र काजला, प्रभू राजोता, ज्योति भारद्वाज, पवन पांडे, राजेंद्र यादव सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## विश्वकर्मा जयंती पर होगा अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय जॉगिड़ ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा 31 जनवरी को विश्वकर्मा जयंति का पर्व धूम.धाम से मनाया जायेगा। समिति के अध्यक्ष ओम सिलीवाल एवं मंत्री श्याम जायलवाल ने बताया कि 26 जनवरी को विश्वकर्मा भवन में बच्चों की मेहंदी एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी। सांयकाल में नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। 29 जनवरी सायंकालीन कीर्तन होगा।

30 जनवरी को सायंकाल विश्वकर्मा मन्दिर में सुन्दरकांड पाठ होगा। जयंती के दिन 31 जनवरी को प्रात: मंदिर में हवन एवं मंदिर से विश्वकर्मा भगवान की शोभा एवं कलश यात्रा निकाली जायेगी।

भवन में वार्षिक आम सभा तथा स्नेह मिलन एवं भोजन प्रसाद होगा। तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में गिरधारी लाल सिलग, जनार्दन पंवार, बाबूलाल आसलिया, बजरंग धामू, कैलाश झींटावा, महेन्द्र जायलवाल, राकेश धामू, अनिल बोदलिया आदि उपस्थित थे।

## 31 जनवरी तक कराएं वार्षिक सत्यापन

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशनरों का वार्षिक सत्यापन करवाना अत्यावश्यक है। ब्लॉक तारानगर में वर्ष 2026 के लिए अब तक ग्रामीण क्षेत्र में 3870 व शहरी क्षेत्र तारानगर में 451 व साहवा क्षेंत्र में 304 पेंशनर्स ने वार्षिक सत्यापन नहीं करवाया। ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि 31 जनवरी तक सत्यापन जरूरी है।

## सम्पादकीय

# ईरान को ट्रंप की धमकी, पूरी तरह से बेलगाम हो गए अमेरिकी राष्ट्रपति



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में सैन्य हस्तक्षेप करने के जो नए संकेत दिए, उससे यह स्पष्ट है कि वेनेजुएला पर हमले के बाद वे पूरी तरह से बेलगाम हो गए हैं। उनका मनमानापन इसलिए बढ़ता चला जा रहा है, क्योंकि वेनेजुएला में अमेरिकी सेनाओं के हमले का विश्व समुदाय की ओर से एक सुर में विरोध और प्रतिरोध नहीं हुआ। चार वर्ष पहले जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था तो अमेरिका और उसके सहयोगी राष्ट्रों ने उस पर अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों की अनदेखी करने के आरोप लगाए थे।

पिछले चार वर्षों में ये आरोप लगातार दोहराए गए हैं, लेकिन अब ट्रंप रूसी राष्ट्रपति पुतिन की ही तरह मनमानी कर रहे हैं। स्पष्ट है कि उनका रवैया विश्व को और अधिक अस्थिर एवं अशांत करने वाला ही है। यह सही है कि ईरान की कट्टरपंथी इस्लामी सत्ता के खिलाफ वहां के लोग सड़कों पर हैं और उनके प्रति सख्ती दिखाई जा रही है, लेकिन यह स्थिति अमेरिका अथवा किसी अन्य देश को वहां पर सैन्य हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं देती।

यदि ईरान में किसी तरह के हस्तक्षेप की आवश्यकता है तो उसकी पूर्ति संयुक्त राष्ट्र की सहमति से और उसके नेतृत्व में ही होनी चाहिए। इसी के साथ यह भी आवश्यक है कि ईरानी शासक और विशेष रूप से वहां की सत्ता का संचालन कर रहे सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई यह समझें कि अपने लोगों का दमन करके स्थितियों को नहीं सुधारा जा सकता।


ईरान के लोग जिन कारणों से सड़कों पर हैं, उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। वे बढ़ती महंगाई से बुरी तरह त्रस्त हैं। ईरान की आर्थिक स्थिति इसलिए गड़बड़ाई हुई है, क्योंकि अमेरिका ने इस आधार पर उस पर कठोर प्रतिबंध लगा रखे हैं कि वह परमाणु हथियार बनाने की चेष्टा कर रहा है। ईरान की ऐसी किसी चेष्टा से इजरायल भी सशंकित है और कुछ महीनों पहले इसी कारण उसने वहां पर हमला भी किया था।

इस हमले में अमेरिका ने भी इजरायल का साथ दिया था। एक बार फिर अमेरिका और इजरायल ईरान की घेराबंदी करें तो हैरानी नहीं, लेकिन इससे पश्चिम एशिया की स्थितियां और अधिक बिगड़ेंगी। ईरान अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते पहले ही आर्थिक रूप से पस्त है। विडंबना यह है कि इसके बावजूद वह हिजबुल्ला, हमास जैसे संगठनों के साथ-साथ यमन में काबिज हाउती विद्रोहियों को आर्थिक एवं सैन्य सहायता देने में लगा हुआ है।

स्वाभाविक रूप से ईरान की जनता इसके भी खिलाफ है। यदि ईरानी सत्ता अमेरिकी हस्तक्षेप से बचना चाहती है तो उसे अपने रवैये में परिवर्तन करना होगा। पता नहीं ऐसा होगा या नहीं, लेकिन भारत को ईरान के बिगड़ते हालात के प्रति सतर्क रहना होगा, क्योंकि वहां उसके व्यापक हित निहित हैं।

## विशेष आलेख

# चीन से क्या हम भाषायी बोध सीख सकते हैं



हिंदी के संदर्भ में देखें तो राजभाषा और राष्ट्रभाषा के बीच शाब्दिक ही नहीं, भावात्मक फर्क भी है। फिर भी एक बड़ा वर्ग हिंदी को राष्ट्रभाषा भी मानता है। यही वजह है कि हर साल ग्रेगोरियन कैलेंडर के नौंवे महीने की दस्तक के साथ ही, हर सरकारी दफ्तर राजभाषा पखवाड़े या महीने को लेकर उत्साह से भर उठता है। कुछ ऐसा ही पड़ोसी चीन में भी अब होता नजर आ रहा है। अब वहां सितंबर का तीसरा सप्ताह 'राष्ट्रीय सामान्य भाषा और लिपि' को समर्पित होगा। भारत और चीन के सितंबर महीने के भाषायी उत्साह में एक अंतर रहेगा, राष्ट्रभाषा बनाने की आस में हिंदी के राजभाषा ओहदे को याद किया जाएगा, जबकि चीन अपनी मंदारिन भाषा को बाकायदा राष्ट्रभाषा के तौर पर और आगे बढ़ाने की ओर अग्रसर होगा।

भाषायी चिंतन और व्यवहार को लेकर भारत और चीन को लेकर तकरीबन एक ही सोच है। भारत में एक मानस ऐसा है, जिसे हिंदी की कीमत पर भी पर अंग्रेजी स्वीकार्य है। यह धारा मानती है कि वेगवान आर्थिक विकास की वजह से चीन का भाषायी व्यवहार भी इसी भारतीय मानस की तरह बदल चुका है। बेशक चीन ने अंग्रेजी सीखने-सिखाने की दिशा में भरपूर निवेश किया है। अपनी आर्थिक ताकत के चलते पश्चिम के नामी विश्वविद्यालयों में चीनी सत्ता प्रतिष्ठान अपने लिए अध्ययन पीठ स्थापित कर चुका है। गौर करने की बात है कि उसने यह सब अलग और अतिरिक्त अनुशासन और ज्ञान के साधन के तौर पर किया है, भारत की तरह अपनी भाषा, विशेषकर हिंदी की कीमत पर ऐसा नहीं किया है।

अंग्रेजी का पहला वैश्विक विस्तार ब्रिटिश उपनिवेशीकरण के दौर में हुआ और दूसरी बार उसका प्रसार रीगन-थैचर की जोड़ी के आर्थिक उदारीकरण के बढ़ते कदमों के साथ हुआ। इस संदर्भ में चीन और भारत के भाषायी चिंतन और व्यवहार फर्क साफ नजर आता है। पिछली सदी के अस्सी के दशक में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख देंग झिआओपिंग ने आर्थिक खुलेपन की नींव रखी। यह 1978 का साल था। इसके ठीक दो साल बाद भारत में इंदिरा गांधी की सत्ता में वापसी हुई और उन्होंने भी धीरे-धीरे इंस्पेक्टर राज कम करने की शुरूआत की। उनकी उदारीकरण की सोच को राजीव गांधी ने परवान चढ़ाया। 1991 के आम चुनावों के घोषणा पत्र में कांग्रेस ने पहली बार समाजवादी आर्थिक नीतियों के बरक्स उदारीकरण का वादा किया। तब से अब तक की दोनों देशों की आर्थिक विकास यात्रा को देखें तो अंतर साफ नजर आता है। चीन आज अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति है। उसकी तेज आर्थिक यात्रा के समानांतर अंग्रेजी का विस्तार नहीं दिखता। जबकि भारत में इसके ठीक उलट नजारा दिखता है।

उदारीकरण के बरक्स दोनों देशों के भाषायी चिंतन में भी फर्क नजर आता है। यह फर्क ही है कि चीन अब अपनी मंदारिन भाषा और उसकी लिपि को लेकर सितंबर महीने के तीसरे हफ्ते को समर्पित कर रहा है। चीन की सर्वोच्च विधि निर्माता संस्था 'राष्ट्रीय जन प्रतिनिधि सभा' की स्थाई समिति द्वारा बीते 27 दिसंबर को इससे जुड़ा कानून पारित करना इसी सोच का प्रतीक है। इस कानून में हर वर्ष सितंबर के तीसरे सप्ताह को 'राष्ट्रीय सामान्य भाषा और लिपि संवर्धन एवं प्रचार सप्ताह' के रूप में मनाना तय किया गया है। यह कानून पुराने राष्ट्रीय भाषा कानून में संशोधन के बाद आया है। चीन में दो तरह की मंदारिन का प्रयोग होता है, एक लिखित और दूसरी मौखिक। इस कानून में दोनों तरह की भाषाओं का ध्यान रखा गया है। चीन अपनी भाषा और लिपि को अपने राष्ट्र का प्रतीक मानता है। चीन में इन दिनों प्रौद्योगिकी और डिजिटल जगत में लगातार प्रगति हो रही है। यहां ऑडियो-विजुअल प्रोग्रामिंग और गेमिंग भी बढ़ी है। चीन का भाषायी कानून इन सबमें इस्तेमाल होने वाली भाषा के साथ कदमताल करने का प्रयास है। कहा जा सकता है कि चीनी राष्ट्रभाषा और लिपि कानून में यह संशोधन तेजी से विकसित हो रही संचार प्रौद्योगिकियों और ऑनलाइन सामग्री के विस्तार के बीच भाषा के मानकीकरण को मजबूत करने की कोशिश है। इस कानून में साइबरस्पेस प्रशासन को लेकर भी व्यवस्था की गई है। इसके तहत अब ऑनलाइन सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वेब सीरीज, ऑनलाइन फिल्मों, ऑनलाइन गेम और अन्य डिजिटल प्रकाशनों में मानक चीनी भाषा यानी मंदारिन और मानकीकृत चीनी अक्षरों को मूल भाषा के रूप में उपयोग करना जरूरी होगा। इसके साथ ही चीन में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों, कॉन्फ्रेंस, इवेंट्स आदि के साइनबोर्ड, लेबल या प्रमोशनल मैटीरियल में विदेशी भाषाओं के साथ ही मानक चीनी भाषा भी शामिल करने पर जोर दिया गया है। इसकी तुलना में भारतीय राष्ट्रभाषा और आधुनिक प्रौद्योगिकी संग उसके तालमेल पर नजर डालें साफ फर्क नजर आता है। भारत अब भी राष्ट्रभाषा से दूर है। हिंदी को राष्ट्रभाषा मानने वाली ताकतों के सुर भी अब धीमे पड़ते जा रहे हैं। लेकिन चीन अपने आर्थिक उदारीकरण के बावजूद अपनी भाषा की ओर लौटता नजर आ रहा है। इसके साथ ही चीन के भाषायी आंकड़ों पर भी नजर डालना जरूरी है। यहां की करीब 80 प्रतिशत से ज़्यादा आबादी मंदारिन बोल सकती है। चीन में करीब 97.33 प्रतिशत लोग साक्षर हैं। इनमें करीब 95 प्रतिशत से ज़्यादा लोग मानक चीनी अक्षरों का प्रयोग करते हैं। चाइना इंटरनेट नेटवर्क इन्फॉर्मेशन सेंटर की ताजा रिपोर्ट के अनुसार बीते जून तक चीन में एक अरब 12 करोड़ से ज़्यादा इंटरनेट यूज़र थे। इसी रिपोर्ट के अनुसार, चीन में इंटरनेट इस्तेमाल की दर 79.7 प्रतिशत तक पहुँच गई है। भाषायी कानून में इन आंकड़ों के मद्देनजर सरकारी और पब्लिक सर्विस वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन के लिए भी सरकारी नियमों और मानकों के अनुसार, राष्ट्रीय मानक भाषा का इस्तेमाल जरूरी हो गया है। इस कानून का लक्ष्य चीनी राष्ट्र के प्रति मजूबत सामुदायिक भावना का विकास और सांस्कृतिक आत्मविश्वास की मज़बूती है। कानून इस बात पर भी ज़ोर देता है कि बोली और लिखी जाने वाली मानक चीनी भाषा के इस्तेमाल का मकसद राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता और जातीय एकजुटता बनाना होना चाहिए। यह कानून शिक्षा में भी मानक चीनी भाषा की भूमिका पर ज़ोर देता है। कानून के अनुसार, शिक्षण और पाठ्य सामग्री में मानक मंदारिन ही बुनियादी भाषा होगी। यह भारत की नई शिक्षा नीति जैसा ही है, जिसमें प्राथमिक स्तर पर भारतीय भाषाओं के जरिए शिक्षण पर जोर दिया गया है। इस कानून के तहत संस्कृति, पर्यटन और ट्रांसपोर्ट जैसे सेक्टर में सर्विस देने वाले कर्मचारियों के लिए मानक मंदारिन जानना जरूरी होगा। इस कानून में मानक चीनी सीखने या प्रयोग में बाधा डालने पर सजा का प्रावधान भी है। हालांकि पहले उन्हें इसके लिए आगाह किया जाएगा। यहां ध्यान देने की जरूरत है कि भारत में भाषा को नकारने को लेकर कोई सजा का प्रावधान नहीं है। वैसे इस कानून के दुरूपयोग की चिंता भी जताई जा रही है। चीनी संविधान और जातीय स्वायत्तता व्यवस्था के तहत, स्वायत्त क्षेत्रों मसलन, तिब्बत, शिनजियांग, इनर मंगोलिया, गुआंग्शी, निंग्शिया आदि को क्षेत्रीय स्वायत्तता कानूनों के अनुसार, सरकारी कार्यों, शिक्षा और रोज़मर्रा की ज़िंदगी में राष्ट्रीय भाषा के साथ-साथ एक या अधिक स्थानीय भाषाओं के इस्तेमाल का प्रावधान है। लेकिन शी चिनफिंग के शासन में ये प्रावधान कमज़ोर होते गए हैं। इसका असर तिब्बत में दिखता है, जहां कई सालों से चल रहे मातृभाषा आंदोलन और सांस्कृतिक शिक्षा का दमन किया गया। इसकी वजह से वहां निजी स्कूल बंद कर दिए गए और उनके संस्थापक गिरफ्तार कर लिए गए। तिब्बतियों को आशंका है कि इस कानून के तहत उनके खिलाफ दमन का एक और चक्र शुरू हो सकता है।

साल 1994 में फ्रांस ने अपने यहां अंग्रेजी के बिलावजह प्रयोग को कानून के जरिए रोक लगाई थी। अब चीन का अपनी मानक भाषा को स्थापित करने का कानून आया है। यह सब देखते हुए भी भारत की मौजूदा राजनीतिक हालात के मद्देनजर ऐसे कानून का सुझाव देना भी संभव नहीं लगता। लेकिन चीन के इस भाषायी बोध के बहान अपेक्षा तो की ही जा सकती है कि एक दिन भारत में भी ऐसी सोच जरूर विकसित होगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# कीवी खाने से सेहत को मिलते हैं कई जबरदस्त फायदे

कीवी में बहुत सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं। कीवी फल विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। कीवी में आयरन की मात्रा होने के कारण यह एनीमिया को दूर करने में मदद करता है। कीवी का एक फल लगभग 40 कैलोरी देता है। कीवी के फल में पानी में घुलने और ना घुलने वाले दोनों विटामिन्स पाए जाते हैं, जैसे- विटामिन ए और विटामिन बी। कीवी हमारे स्वास्थ के लिए बहुत ही लाभदायक है। कीवी के फल में काले बीज स्ट्रॉबेरी, खरबूजे के स्वाद का एक मिश्रण जैसा फ्लेवर मौजूद होता है। कीवी में फाइबर की मात्रा पाई जाती है, जो हमें रोगों से लड़ने में मदद करती है। हमें हर रोज एक कीवी का फल जरूर खाना चाहिए।



### छिलके सहित भी खा सकते हैं कीवी

कीवी के फल को चाकू की मदद से दो भागों में काटकर चम्मच की सहायता से इसको खा सकते हैं। इसको छिलने की भी आवश्कता नहीं पड़ती, लेकिन अगर आपको इसकी सख्त स्किन अच्छी नहीं लगती है तो इसे छील कर भी खाया जा सकता है।

### फ्लू से लड़ने में मदद करता है

आज कल के मौसम में फ्लू और संक्रमण की बीमारियां हो जाती हैं। कीवी का फल एंटीबॉडी को बनाने में मदद करता है। कीवी में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो हमारे शरीर को स्वस्थ और इम्यूनिटी को बनाए रखने में मदद करता है। अपने मूड को अच्छा बनाने के लिए कीवी के फल का सेवन किया जा सकता है क्योंकि विटामिन सी सेरोटोनिन के निर्माण में सहायक है।

### डेंगू से लड़ने में है सहायक

डेंगू से पीड़ित लोगों की प्लेटलेट्स कम हो जाती है। कीवी के फल में विटामिन सी की मात्रा होने से यह डेंगू वाले रोगियों के लिए ज़रूरी है। कीवी का फल पचने में आसान होता है और खाने में स्वादिष्ट होता है। कीवी के फल में पोटैशियम होता है, जो हमारे द्वारा खाए गए खाने से आयरन को एब्जॉर्ब करके विटामिन बी प्रदान करता है। यह प्लेटलेट्स को बढ़ाने का काम करता है।

### दैनिक आहार में कीवी को कैसे शामिल करें?

कीवी के फल का उपयोग आप सलाद के रूप में भी कर सकते हैं। इसको दही जैसी देसी चीज या फिर पिज्जा और अन्य किसी भी भोजन के साथ ले सकते हैं।

### पोषक तत्वों से भरपूर होता है कीवी

कीवी के फल में बहुत सारे पोषक तत्व होते हैं, जो हमारे शरीर की रक्षा करने में मदद करते हैं। कीवी जंक फूड, चिन्ता और गलत लाइफस्टाइल से आई बीमारियों से बचाने में मदद करता है। यह फल शरीर को तनाव मुक्त बनाने में सहायक है।

# चेहरे पर सफेद दाग और पैच हटाने में मदद करेंगे यह खास घरेलू उपाय

चेहरे पर कील-मुंहासे, दाग-धब्बे जैसी समस्याएं बहुत आम हैं। चेहरे पर काले निशान और दाग-धब्बे होना तो बहुत सामान्य, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि कुछ लोगों की चेहरे और शरीर की त्वचा पर सफेद दाग या पैच देखने को मिलते हैं। चेहरे या त्वचा पर सफेद दाग और पैच की समस्या को सेहुआ कहा जाता है। सेहुआ त्वचा कि एक ऐसी स्थिति है जिसमें त्वचा पर फंगल इन्फेक्शन हो जाता है, जो कि काफी सामान्य समस्या है। हालांकि इसके अलावा चेहरे पर सफेद दाग और पैच की समस्या किसी फूड या प्रोडक्ट से एलर्जी के कारण भी होती है, जैसे कि कुछ लोग मछली के सेवन के बाद दूध का सेवन करते हैं, तो कुछ लोगों को इससे चेहरे पर सफेद दाग हो जाते हैं। चेहरे पर ये सफेद दाग देखने में काफी भद्दे लगते हैं और आपकी सुंदरता को भी बिगाड़ते हैं। अब सवाल यह है कि चेहरे के सफेद दाग कैसे हटाएं या मिटाएं? लोग सफेद दाग साफ करने के लिए मंहगे-मंहगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं, लेकिन फिर भी कुछ खास फायदा देखने को नहीं मिलता है।



**प्रभावित हिस्से पर लगाएं एलोवेरा जेल :** टी-ट्री ऑयल की तरह एलोवेरा भी एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होता है, जिससे यह त्वचा यह त्वचा के दाग-धब्बों को हटाने में बहुत प्रभावी है। आप रात में सोने से पहले एलोवेरा जेल प्रभावित हिस्से पर लगा सकते हैं, या दिन में भी 2-3 बार लगा सकते हैं।

**हल्दी का करें प्रयोग :** आयुर्वेद में हल्दी को इसके औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है, साथ ही त्वचा की कई समस्याओं को प्रयोग करने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह एंटी इन्फ्लेमेटरी, एंटीसेप्टिक, एंटीवायरल, एंटीफंगल, एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबायोटिक गुणों से भरपूर होती है। सफेद दाग से छुटकारा पाने के लिए आप हल्दी में नींबू का रस मिलाकर त्वचा पर लगा सकते हैं, इसे आधे घंटे के लिए त्वचा पर छोड़ दें, उसके बाद सादे पानी से धो लें।

**त्वचा पर टी-ट्री ऑयल का प्रयोग :** एक बाउल में 3-4 चम्मच टी ट्री ऑयल और 1 चम्मच ऑलिव ऑयल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को सफेद पैच वाले हिस्से पर लगाकर कुछ समय मालिश करें। ऐसा नियमित रात को सोने पहले करें और रात भर के लिए छोड़ दें। सुबह धो लें। एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल और एंटी वायरल से भरपूर यह मिश्रण त्वचा की एलर्जी और कई अन्य समस्याएं दूर करने में भी मदद करेगा।

**दही का प्रयोग भी है कारगर :** बेहतरीन प्रोबायोटिक होने के साथ ही दही विटामिन्स और मिनरल्स से भी भरपूर होती है। यह फंगल संक्रमण के लिए बहुत प्रभावी उपाय है। दही को प्रभावित हिस्से पर लगाकर कुछ मिनट मालिश करें और सूखने का इंतजार करें, उसके बाद धो लें।

**तेल और शहद भी हैं फायदेमंद :** सफेद दागों से छुटकारा पाने के लिए आप लैवेंडर ऑयल, नारियल तेल, जैतून के तेल आदि में शहद मिलाकर भी त्वचा पर अप्लाई कर सकते हैं। इससे बहुत लाभ मिलेगा।

# सरसों का तेल और प्याज के रस का मिश्रण इन समस्याओं को करता है दूर

सरसों का तेल और प्याज के रस का मिश्रण कई समस्याओं के लिए गुणकारी माना जाता है। खासतौर पर अगर आपके पैरों में काफी तेज दर्द हो रहा है तो इसका मिश्रण लगाएं। यह काफी लाभकारी माना जाता है। इसके अलावा बालों की मजबूती के लिए सरसों और प्याज का रस अपने बालों में लगाएं। इससे काफी लाभ मिलेगा। प्याज और सरसों के रस में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाया जाता है जो सूजन को कम कर सकता है। साथ ही डैंड्रफ की परेशानियों से राहत दिलाने में आपकी मदद कर सकता है। सरसों का तेल और प्याज के रस का मिश्रण जोड़ों में दर्द, बालों की समस्याओं को दूर कर सकता है। इसके अलावा यह मिश्रण कई अन्य परेशानियों को दूर कर सकता है।

**जोड़ों में दर्द से राहत :** सरसों का तेल और प्याज के रस का मिश्रण जोड़ों में दर्द की परेशानी को कम करने में आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए सरसों के तेल को हल्का सा गर्म कर लें। इसके बाद इस मिश्रण को अपने दर्द से प्रभावित हिस्से पर लगाएं। इससे आप दर्द से राहत पा सकते हैं।



**पैरों के दर्द से आराम :** पैरों के दर्द से आराम पाने के लिए सरसों का तेल और प्याज का रस काफी हेल्दी माना जाता है। इस मिश्रण का इस्तेमाल करने के लिए रात में सोने से पहले सरसों के तेल को प्याज के रस में मिक्स कर लें। इसके बाद इसे प्रभावित हिस्से पर लगाएं। इससे आप पैरों के दर्द से आराम पा सकते हैं।

**बालों की परेशानी करे दूर :** बालों से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए सरसों का तेल और प्याज के रस का मिश्रण बालों में लगाएं। यह डैंड्रफ, रूखे और बेजान बाल, सफेद बालों की समस्या इत्यादि को दूर कर सकता है। अगर आप बालों से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे हैं तो सरसों का तेल और प्याज का रस अपने बालों में लगाएं। इससे काफी लाभ मिलेगा।

**स्किन के लिए हेल्दी :** स्किन के दाग-धब्बों को मिटाने के लिए सरसों का तेल और प्याज के रस का मिश्रण काफी हेल्दी माना जा सकता है। यह स्किन को बेदाग बना सकता है। साथ ही ड्राई स्किन की परेशानियों को दूर कर सकता है। अगर आपकी स्किन पर संक्रमण से जुड़ी परेशानियां हो रही हैं तो सरसों का तेल और प्याज के रस का मिश्रण लगाएं।

**सर्दी-जुकाम करे कम :** सर्दी-जुकाम की परेशानी को दूर करने के लिए सरसों का तेल और प्याज का रस हेल्दी हो सकता है। इस मिश्रण का इस्तेमाल करने के लिए सरसों का तेल और प्याज के रस के मिश्रण को छाती पर लगाएं। इससे आपको लाभ मिलेगा।

## आज का राशिफल

### मेष

धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुद्धि एवं तर्क से कार्य में सफलता के योग बनेंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। अतः उसका परित्याग करें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी।

### वृष

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय बढ़ेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करना चाहिए। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी।

### मिथुन

नए अनुबंध होंगे। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। झंझटों में न पड़ें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। कार्य की प्रवृत्ति में यथार्थता व व्यावहारिकता का समावेश आवश्यक है। व्यापार में नई योजनाओं पर कार्य नहीं होंगे। जीवनसाथी का ध्यान रखें। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। थकान रहेगी।

### कर्क

समय ठीक नहीं है। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। लेन-देन में सावधानी रखें। विवाद न करें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाए रखें। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है।

### सिंह

किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कामकाज में धैर्य रखने से सफलता मिल सकेगी। योजनाएं फलीभूत होंगी। मित्रों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। बुद्धि एवं तर्क से कार्य में सफलता के योग बनेंगे।

### कन्या

मेहनत का फल मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। संतान से कष्ट रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

### तुला

भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। मान बढ़ेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अपनी बुद्धिमत्ता से आप सही निर्णय लेने में सक्षम होंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी। निजीजनों में असंतोष हो सकता है। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

### वृश्चिक

वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। विवाद न करें। यात्रा में अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। अधीनस्थों की ओर ध्यान दें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। मेहनत का फल मिलेगा।

### धनु

भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न लें। व्यावसायिक चिंता दूर हो सकेगी। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। राजकीय बाधा दूर होगी।

### मकर

दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी। जोखिम न लें। विवाद से बचें। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। वाणी पर संयम रखें। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

### कुंभ

संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। समाज में प्रसिद्धि के कारण सम्मान में बढ़ौत्री होगी। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे। परिवार की समस्याओं को अनदेखा न करें। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है।

### मीन

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय काम बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। जोखिम न उठाएं। संतान से मदद मिलेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति की संभावना है। अचानक धन की प्राप्ति के योग हैं। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

# विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** भारतीय विद्यापीठ महाविद्यालय राजलदेसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजशेखर पुरोहित ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके चरित्र पर गहराई से प्रकाश डाला। डॉ. पुरोहित ने बताया कि स्वामी का जीवन संपूर्ण अनुशासन की एक मिसाल है। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र देवेंद्र सोनी ने स्वामी के जीवन और उनके कार्यों पर लघु भाषण प्रस्तुत किया। महाविद्यालय व्याख्याता मोहम्मद रमजान, जमन सिंह राजवी ने भी स्वामी के जीवन पर अपने विचार रखे। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा इकाई के प्रभारी व्याख्याता नीरज कच्छावा ने कार्यक्रम की रूप रेखा विद्यार्थियों से साझा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों की टोलियों ने महाविद्यालय में श्रमदान किया। महाविद्यालय की पांचवें सेमेस्टर की छात्रा जूही सोनी को उनके अनुशासित व्यवहार के लिए मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉक्टर पुरोहित ने जूही सोनी के आचरण से अन्य विद्यार्थियों को सीख लेने की बात कही। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए काजू बादाम केसर युक्त दूध की व्यवस्था की गई थी। श्रमदान में देवेंद्र, चांद रतन, शक्ति, कृष्ण, हेमंत, देवेश, दिव्यांशु, प्रहलाद, पवन आदि ने सहयोग किया। छात्राओं में प्रियंका, सुमन, सुप्रिया, रंजना, पूनम, मोनिका, शिक्षा, लक्ष्मी, मिन्कू, नंदिनी, सरिता, निकिता आदि ने लगन के साथ कार्य किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय समिति के सचिव पवन बोथरा भी उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यों के लिए अधिक से अधिक अपना समय देने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन व्याख्याता भगोती प्रसाद ने किया। व्याक्यता दुर्गादत्त नेहरा ने कार्य में सहयोग किया। द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर में अपनी कक्षा में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

## बालिका विद्यालय में विवेकानंद जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

राजलदेसर में पीएम श्री श्री यूनियन क्लब राबाउमावि में प्रधानाचार्य मोहन सिंह राठौर की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के महान जीवन पर प्रकाश डाला। नवनियुक्त व्याख्याता मनोज कुमार सारस्वत ने स्वामी विवेकानंद सनातन संस्कृति के पुरोधा थे जिन्होंने पूरे विश्व में वसुदेवकुटुबकम की भावना का आगाज किया। नव नियुक्त व्याख्याता रामकिशोर व व्याख्याता लोहिता झाझड़िया का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में वाईस प्रिसिपल इंद्र सिंह फगेड़िया, व्याख्याता महेश कुमार सांखोलिया, सरिता शर्मा, रश्मि महर्षि, रमेश खीचड़, वरिष्ठ अध्यापक शिशपाल, आंनद सिंह, अनिता मीणा अध्यापक धर्मपाल बुगालिया, प्रमोद कुमार ओए, अशोक जाट, मीनू कुमारी वर्मा, योगेश्वरी शर्मा, आरती शर्मा, रोशनी छींपा ऋषिका सहारण, योगिता पुरोहित, मोनिका बारूपाल, कंचन लता पुरोहित, रचना परीक सहित सम्पूर्ण स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रिखा राम तालणिया ने किया।

# भाजपा पार्षदों का धरना जारी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा पार्षदों और नेताओं का धरना नगरपरिषद कार्यालय के सामने लगातार 6 ठे दिन भी जारी रहा। धरने पर अनुजा वित एवं विकास निगम के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक भी पहुंचे और कार्यकर्ताओं से उनकी मांगों के बारे में जानकारी ली। भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर ने पार्षदों की समस्याओं को विस्तृत रूप से बताया। इस दौरान धरने पर पार्षद रेंवतमल पंवार, हरीओम खोड़, नरेंद्र प्रजापत, वैद्य भंवरलाल शर्मा, पन्नालाल सोनी, प्रदेश सियोता, प्रेम स्वामी, रविन्द्र पांडे, प्रकाश भार्गव, अमित मौसूण आदि लोग भी मौजूद रहे।

# कॉलेज छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में कॉलेज की छात्राओं द्वारा नगर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व प्राचार्य डॉ. गजादान चारण के मार्गदर्शन एवं संयोजक सुरेन्द्र कागट के संयोजन में किया गया। यह रैली टंकी चौराहा से प्रारंभ होकर सरकारी अस्पताल, बस स्टैंड, राहु गेट, नगरपालिका, जौहरी स्कूल, गोदारा भवन होते हुए स्टेशन तक पहुँची। रैली को उप-अधीक्षक पुलिस जितेंद्र सिंह चारण एवं तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर व्यापारी वर्ग एवं नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया गया। छात्राओं ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियाँ एवं बैनर लेकर स्वदेशी अपनाने, मतदान के प्रति जागरूकता, सड़क सुरक्षा, सामाजिक सजगता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द से जुड़े संदेशों को नारों के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वृत्ताधिकारी जितेंद्र सिंह ने स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाओं को युवाओं के लिए मार्गदर्शक बताते हुए राजकोप एप की विस्तृत जानकारी दी तथा सभी छात्राओं के मोबाइल में उक्त एप डाउनलोड करवाया। तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे ने स्वामी विवेकानन्द जी को भारत की सोई हुई मेधा को जगाने वाला महापुरुष बताते हुए मतदान एवं जनतंत्र विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं और लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संयोजन सुरेन्द्र कागट द्वारा किया गया।

# कलश यात्रा के साथ नानी बाई रो मायरो कथा का शुभारंभ



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** क्षेत्र की प्रसिद्ध श्री कृष्ण गौशाला एवं नंदीशाला संस्थान चंवरा हीरवाना में मकर संक्रान्ति के अवसर पर बामलास धाम के महंत लक्ष्मण दास महाराज के सानिध्य में कथावाचक विपुल शास्त्री द्वारा नानी बाई रो मायरो कथा का शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व महिलाओं द्वारा चंवरा के रघुनाथ मंदिर से जोहड़ी होते हुए हीरवाना गौशाला तक 4 किलोमीटर लंबी डीजे की धुन पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सोमवार को कथा में शिव पार्वती की झांकी सजाई गई। नरसी भक्त द्वारा भगवान से प्रार्थना की गई कि मुझे आपके अलावा और कुछ नहीं चाहिए। कथा 14 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 12:00 से शाम 5:00 बजे तक सुनाई जाएगी। इस दौरान नंदीशाला अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा, कोषाध्यक्ष बनवारी लाल जांगिड़, गोशाला अध्यक्ष शीशराम खटाणा, समाजसेवी राजेन्द्र दोराता, मोहन दास महाराज, रघुनाथ दास महाराज, सुल्तान रावत, रामकरण रावत, महावीर रावत, सुभाष चंद्र सैनी, सुभाष बराला, गिरधारी रावत, शेरसिंह खटाणा, हजारी लाल मीणा गुड़ा, प्रकाश मीणा, बाबूलाल शर्मा, मुकेश दाधीच, जयकिशन शर्मा, कालूराम स्वामी, गोपाल शर्मा सहित काफी संख्या में भक्त श्रद्धालु मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद की जयन्ती मनाई



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** भैरू घाटी स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में केसीसी प्रोजेक्ट के तत्वाधान में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केसीसी कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता थे। मुख्य अतिथि जीडी गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर पीडी बोहरा, एस गुहा, मनीष गंवई, सजू सी सेम, वीके इंद्रा, भूपेश बंबोरिया, डॉ दीपिका खुराना, विपिन शर्मा, डॉ गोपाल राठी, अभिषेक पारीक, मोहम्मद उस्मान, नागेश राजपुरोहित, एलएम जोशी, हरिराम गुर्जर, यशोराज मीणा, आनंद पांडे, राजा आशीष, विनायक साहू, हसरत हुसैन, राजेंद्र जांगिड़, शंकर दत्त तिवाड़ी, राकेश कुमार आदि मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सरदारशहर में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था सचिव ओमप्रकाश सैनी ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लोकेश शर्मा, आईटीआई अधीक्षक डॉ पीके पांडिया, विकास सैनी तथा डी-फार्मा विभागाध्यक्ष गौतम भोजक मंचासीन रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लोकेश शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से विवेकानंद के आदर्शों को अपनाकर आत्मनिर्भर एवं चरित्रवान बनने का आह्वान किया। वहीं 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम के प्राचार्य डॉ पीके पांडिया ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए प्रशिक्षणार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। आईटीआई अधीक्षक विकास सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए युवाओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ताओं कविता शर्मा, गायत्री शर्मा, अरुणा जांगिड़, नेहा भोजक, गौतम भोजक सहित अन्य वक्ताओं ने भी स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने विवेकानंद की जीवनी से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर चर्चा की तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में संस्था सचिव ओमप्रकाश सैनी ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में दिए गए ऐतिहासिक उद्बोधन का उल्लेख करते हुए प्रशिक्षणार्थियों से उन्हें अपना रोल मॉडल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार विवेकानंद ने अपने विचारों से पूरी दुनिया को प्रभावित किया, उसी प्रकार युवाओं को भी अपने जीवन में कुछ नया और सकारात्मक करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रशिक्षणार्थी राधिका शर्मा एवं दीपिका राठौड़ ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ लिपिक विनोद सेन, रोहित सैनी, मोहित सैनी, गोपाल सिंह, भागीरथ, चंपालाल सहित बीएड, आईटीआई एवं डी-फार्मा के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जरूरतमंदों को चाय-चीनी वितरित



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड दो स्थित चौखानी हवेली में बुधकरण-गौरीशंकर चौखानी की स्मृति में जरूरतमंद लोगों को चाय-चीनी वितरीत की गई। भामाशाह विकास चौखानी के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में करीब 550 जरूरतमंद लोगों को आधा-आधा किलोग्राम चाय व चीनी बांटी गई। इस मौके पर भामाशाह प्रतिनिधि व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पचलंगिया, व्यवसायी मुरारी लाल मुरारका, सुशील मोदी, बनवारी लाल शर्मा, महीपाल दूलड़, अशोक मोदी, पवन बेरीवाला, प्रमोद पचलंगिया, उम्मेद पचलंगिया, रामावतार दर्जी मौजूद रहे।

# पौष बड़ा महोत्सव आयोजित



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 में स्थित बालाजी मंदिर में सोमवार को पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव के अवसर पर बालाजी महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बाबा को पौष बड़ा का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और संकीर्तन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस मौके पर सत्यनारायण सिसोदिया, सुशील कुमार वर्मा, हरी वर्मा, नाहरमल, फूलचंद वर्मा, मुकेश वर्मा, शंकर वर्मा, शिव कुमार वर्मा, मोहन वर्मा, दिनेश सांखला, चिंटू सांखला सहित अनेक गणमान्य मौजूद थे।

# पुलिस थाना का सरकारी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने किया अवलोकन

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** सड़क सुरक्षा व महिला सुरक्षा और युवाओं में बढ़ते अपराध को रोकने के लिए उन्हें जागरूक बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने जैसे अभियान चलाकर पुलिस समय समय पर कार्यक्रम करती रहती है। सोमवार को गोठड़ा पुलिस थाने में परसरामपुरा में संचालित राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने पुलिस थाने का अवलोकन किया तथा विभिन्न तरह की जानकारी प्राप्त की। महिला डेस्क बंधी गृह, कार्यालय प्रभारी कक्ष सहित अनेक जगह की जानकारी ली। थाना प्रभारी धर्मेंद्र मीना के नेतृत्व में छात्राओं को कई तरह की जानकारी दी गई। आत्मरक्षा के उपाय और छेड़छाड़ या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के तरीके बताए गए टीम ने महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर से मदद लेने की बात कही, सुरक्षित व्यवहार यौन उत्पीड़न घरेलू हिंसा और अन्य प्राथमिक से जुड़े कानून की जानकारी देना ताकि उन्हें पता हो कि उनके साथ क्या गलत हो रहा है। ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने की सलाह दी गई। छात्राओं तथा महिलाओं के साथ होने वाली घटनाओं तथा आत्मरक्षा के उपाय और छेड़छाड़ या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के तरीके बताए गए। महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर भी नोट करवाए गए। थाना प्रभारी धर्मेंद्र मीना ने महिलाओं को आवश्यकता पड़ने पर निर्भीक होकर पुलिस थाने में संपर्क करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इसके अलावा महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी के लिए महिला साइबर सुरक्षा आत्मरक्षा तकनीकी और सुरक्षित व्यवहार अनजान लोगों से दूरी तथा अकेले न जाने की जानकारी दी गई ताकि वह निडर होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सके और सशक्त महसूस कर सके जिसमें पुलिस का महिला एवं बाल डेस्क मददगार होता है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सरदारशहर नगर इकाई के तत्वावधान में श्री भारतीय आदर्श विद्यापीठ टीटी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों का परिचय कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य डॉ मनीष वर्मा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संगठन मंत्री आकाश उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सानिया सैनी तथा कॉलेज के सहायक आचार्य मुकेश सुथार मौजूद रहे। मुख्य वक्ता जिला संगठन मंत्री आकाश ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन, साधना और युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं को अपने दायित्व स्वयं उठाने का आह्वान करते हैं और आत्मशक्ति के जागरण पर बल देते हैं। जब व्यक्ति अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण रूप से जिम्मेदारी का बोध करता है, तभी उसका श्रेष्ठतम स्वरूप सामने आता है। उन्होंने कहा कि न कोई देवता हमारे बोझ को उठाने आता है और न ही कोई बहाना हमारे काम आता है, ऐसे में स्वयं को जिम्मेदार मानकर आगे बढ़ना ही जीवन का सही मार्ग है। विशेष अतिथि सानिया सैनी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने और सही दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य डॉ मनीष वर्मा ने भी युवाओं को लक्ष्य निर्धारण कर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर मनीषा वर्मा, उमेश शर्मा, सुमन चौहान, उमाभारती, राजेन्द्र भाट, लोकेश सेन, महेश कुमार, आशिष पारीक सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी निकिता सोनी, सुरभि, मदन लाल, राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार, कुशाग्र, संपत, रितु, कृष्ण, दिनेश कुमार, आदित्य आदि उपस्थित रहे।

# हिंदू समाज को संगठित और एकजुट रहना होगा : चेतननाथ



देवेन्द्र कुमावत

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विश्व हिंदू परिषद की दो दिवसीय प्रांत स्तरीय बैठक का आयोजन रुपाणा धाम बालाजी मंदिर, भीमसर में प्रांत अध्यक्ष प्यारेलाल मीणा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विहिप द्वारा विगत 6 माह में किए गए सामाजिक कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी 6 माह की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए चेतननाथ महाराज ने कहा कि हिंदू समाज को संगठित और एकजुट रहना होगा तथा भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की दिशा में सतत प्रयास करने होंगे।

उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को अत्यंत दुःखद बताते हुए इस पर चिंता व्यक्त की। इस अवसर पर पवन महाराज ने भीमसर स्थित बालाजी मंदिर के उद्गम, विकास और बालाजी महाराज की देशभर में प्राप्त ख्याति पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं क्षेत्रीय मंत्री राजाराम ने विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए उनके क्रियान्वयन पर बल दिया। बैठक में आनंद गिरि महाराज, सुभद्र पपड़ीवाला, शोभा गुप्ता, अनिल गोठवाल, राधेश्याम गौतम, विवेक दिवाकर, अशोक डीडवानिया, क्षेत्र गोरक्षा प्रमुख डॉ प्रभात, क्षेत्र सामाजिक समरसता प्रमुख राम सिंह, गोरक्षा अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, प्रांत संयोजक बजरंग दल परमवीर सिंह, विहिप जिला अध्यक्ष विनोद सिंघानिया, धर्माचार्य संपर्क प्रमुख रामानंद पाठक, जिला मंत्री जयराज जांगिड़, जिला सह मंत्री प्रवीण कुमार शर्मा, प्रखंड सह मंत्री शिव कुमार, बजरंग दल जिला सह संयोजक अंकित भीमसरिया, श्रीरुपाणा धाम बालाजी समिति अध्यक्ष नवनीत सहित राहुल, प्रशांत, नरेश, कृष्ण कुमार, नरेश सैनी, प्रशांत सैनी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और मातृशक्ति उपस्थित रही। बैठक का समापन संगठन को और अधिक मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।

# आर्थिक सामर्थ्य का उपयोग सदाशयता के साथ परहित में किया जाना भी ईश्वर की कृपा से ही संभव हो पाता है : कुलरिया

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** आर्थिक सामर्थ्य का उपयोग सदाशयता के साथ परहित में किया जाना भी ईश्वर की कृपा से ही संभव हो पता है, ये उद्दात् भाव भामाशाह धर्मचंद कुलरिया ने गौलोकवासी संत श्री पदमाराम कुलरिया की पुण्यतिथि पर महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र द्वारा कुलरिया परिवार को सम्मान पत्र भेंट किए जाने पर व्यक्त किये।

यह सम्मान पत्र डॉ. सुंदरलाल सुराणा, डॉ. एम.पी. तिवारी, केंद्र चेयरमैन सुरेंद्रकुमार हीरावत सहित उपस्थित सदस्यों ने पदम पैलेस मूलवास में आयोजित एक कार्यक्रम में भेंट किया। सुरेंद्र कुमार हीरावत ने बताया कि केंद्र द्वारा इस सप्ताह उप स्वास्थ्य केंद्र नोखा की मांग पर एक टेबल कुर्सी सेट व बीपी उपकरण भेंट किए गए। केंद्र सचिव बाबूलाल कांकरिया ने बताया कि ये भी अपने हैं की भावना के साथ कल रायसर रोड पर खुले में निवास करने वाले घुमंतु परिवारों को महावीर इंटरनेशनल केंद्र द्वारा 3200 वर्ग फुट पॉलिथीन तिरपाल, खाद्य सामग्री-सब्जी, पहनने के कपड़े आदि तथा अमित कुमार हीरावत के सौजन्य से 20 कंबल व 30 शॉल इनको वितरित किए गए। आज राजकीय प्राथमिक विद्यालय पश्चिम खीचियों व मेघवालों की ढ़ाणी दावा को 12 कुर्सी व दो बड़ी दरियां प्रधानाध्यापक भेराराम गोदारा व समाज सेवी ओमाराम ग्वाला को नोखा केंद्र पर की भेंट की गई। इन सभी कार्यक्रमों में राजेंद्र सिंह राठौड़, ईश्वरचंद दूगड़, रामेश्वरलाल छींपा, भंवरलाल बुच्चा, लक्ष्मीकांत राठी, भंवरलाल पींचा, अमित हीरावत, विक्रम दूगड़, खुशबू दूगड़ सहित केंद्र के सदस्य गण उपस्थित रहे।

# पौषबड़ा कार्यक्रम आयोजित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय सिंघी मंदिर के पीछे स्थित सुजानगढ़ टॉवर पर पोषबड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जगदीश खोड़, पार्षद हरीओम खोड़, संग्राम लोहमरोड़, ललित जांगिड़, युसूफ खान, दिनेश बागड़ी, कैलाश शर्मा, सुरजाराम मोहनलाल आदि ने राहगीरों व लोगों को गरमागर्म बड़े परोसे। वहीं लोगों को जलेबियां भी परोसी गई।

# हार्ट की सेहत में गड़बड़ होने पर दिखते हैं ये लक्षण, बिल्कुल न करें नजरअंदाज

हृदय हमारे शरीर का एक अहम अंग होता है। जब हृदय स्वस्थ रहता है, तो हम भी लंबे समय तक स्वस्थ रहते हैं। लेकिन हृदय के साथ थोड़ी सी भी गड़बड़ी हमारे पूरे स्वास्थ्य को प्रभावित कर देता है। जब हमारा हृदय अस्वस्थ होता है, तो ऐसे कुछ लक्षण नजर आते हैं जो सामान्य नहीं होते हैं। इस दौरान व्यक्ति को सीने में दर्द, थकान और पसीना आना जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं।



### सीने में बेचैनी

सीने में दर्द या बेचैनी दिल की बीमारी का सबसे आम लक्षण होता है। छाती में दर्द, जकड़न और दबाव महसूस होना दिल के दौरे के लक्षण हो सकते हैं। लेकिन इस बात का भी ध्यान रखें कि बिना सीने में दर्द के भी दिल का दौरा पड़ सकता है।

### थकान, अपच और पेट दर्द

दिल के बीमार होने पर आपको थकान महसूस हो सकती है। इस दौरान व्यक्ति को मतली, अपच और पेट दर्द की शिकायत भी हो सकती है। इतना ही नहीं इस समय उल्टी की समस्या भी हो सकती है। वैसे तो इनका दिल से कोई संबंध नहीं लगता है, लेकिन हार्ट अटैक के दौरान ऐसा हो सकता है। इसलिए आपको इन लक्षणों को भी सामान्य समझकर नजरअंदाज नहीं करने चाहिए।

### बांह में दर्द का फैलना

शरीर के बाईं तरफ दर्द होना भी हृदय अस्वस्थ होने का लक्षण हो सकता है। इस स्थिति में दर्द छाती से शुरू होता है, नीचे की तरफ दर्द बढ़ता है। कुछ लोगों को यह दर्द बांह तक भी फैलता है। यह भी अस्वस्थ हृदय का संकेत होता है।

### चक्कर आना

वैसे तो डिहाइड्रेशन की वजह से भी चक्कर आ जाते हैं। लेकिन यह अस्वस्थ हृदय का भी लक्षण हो सकता है। अगर आपको अचानक से चक्कर आते हैं, सांस लेने में तकलीफ होती है तो तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करें। क्योंकि आपको लो ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। इस स्थिति में हमारा हृदय उस तरह से पंप करने में सक्षम नहीं होता है, जिस तरह से इसे करना चाहिए।

### गले या जबड़े में दर्द

वैसे तो गले या जबड़े में दर्द दिल से संबंधित नहीं है। यह सर्दी या साइनस की वजह से होता है। लेकिन कई बार सीने में दर्द या दबाव के कारण भी दर्द गले या जबड़े तक फैलता है, यह हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है।

### बहुत जल्दी थक जाना

अगर आप सीढ़ियां चढ़ने, चलने-फिरने या थोड़ा सा काम करने के बाद थक जाते हैं, तो आपको डॉक्टर से मिलने की जरूरत है। अत्यधिक थकावट, कमजोरी हृदय रोग का लक्षण हो सकता है, खासकर महिलाओं में। इसलिए अगर आप जल्दी थक जाती हैं, तो डॉक्टर से जरूर मिलें।

### खर्राटे लेना

सोते समय थोड़ा खर्राटे लेना सामान्य है। लेकिन असामान्य रूप से जोर से खर्राटे लेना जो हांफने या घुटन की तरह लगता है, स्लीप एपनिया का संकेत हो सकता है। वह तब होता है जब आप रात में सोते समय कई बार संक्षिप्त क्षणों के लिए सांस लेना बंद कर देते हैं। यह दिल पर अतिरिक्त दबाव डालता है। इसलिए आपको इस लक्षण को भी हल्के में नहीं लेना चाहिए।

### पसीना आना

बिना किसी काम, वर्कआउट के बहुत ज्यादा पसीना आना दिल की बीमारी का संकेत हो सकता है। दरअसल, जब हृदय रक्त को सही तरह से पंप करने में असमर्थ होता है तो पसीना आने लगता है। यह लक्षण दिखे तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।

### लंबे समय से खांसी होना

अगर आपको लंबे समय से खांसी है, जो सफेद या गुलाबी बलगम पैदा करती है, तो यह दिल की विफलता का संकेत हो सकता है। ऐसा तब होता है, जब हृदय शरीर की मांगों को पूरा नहीं कर पाता है। जिससे रक्त फेफड़ों में वापस रिसने लगता है।

### सूजन

अगर आपके पैर और टखनों में सूजन है, तो यह भी हृदय अस्वस्थ का लक्षण होता है। यह इस बात का संकेत है कि आपका हृदय रक्त को प्रभावी ढंग से पंप नहीं कर पा रहा है। दरअसल, जब हृदय तेजी से पंप नहीं कर पाता है, तो रक्त नसों में वापस आ जाता है और सूजन का कारण बनता है। इसलिए अगर आपको पैरों में सूजन हो, तो इस नजरअंदाज न करें।

### दिल की अनियमित धड़कन

जब आप नर्वस या उत्साहित होते हैं, तो हार्ट बीट का तेज होना सामान्य है। लेकिन अगर आपको अक्सर ही ऐसा महसूस होता है, तो डॉक्टर से जरूर मिलें। दिल का अधिक बार धड़कना भी हृदय रोग का संकेत हो सकता है।

# भुजंगासन के अभ्यास से किडनी की पथरी, पीठ दर्द और अस्थमा जैसी समस्याओं में मिलता है फायदा

योग और आयुर्वेद के माध्यम से सदियों से लोग खुद को हेल्दी और फिट रखने का काम करते आ रहे हैं। योगासनों का नियमित अभ्यास आपके शरीर को बीमारियों की चपेट में आने से बचाता और शरीर को मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रखने का काम करता है। शरीर के अलग-अलग अंगों और समस्याओं के लिए अलग-अलग योगासनों का अभ्यास किया जाता है। इन्हीं योगासनों में एक योगासन है भुजंगासन। भुजंगासन को अंग्रेजी में कोबरा पोज के नाम से जाना जाता है। शरीर के लिए भुजंगासन के फायदे अनेकों हैं। यह एक ऐसा योगासन है जो पैर की उंगलियों से लेकर सिर तक शरीर के सभी अंगों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। भुजंगासन का नियमित रूप से अभ्यास करने से आपको न सिर्फ पीठ के दर्द को कम करने में फायदा मिलता है बल्कि इसका अभ्यास आपको किडनी की पथरी और थायराइड जैसी समस्याओं में भी फायदा देता है। भुजंगासन को अंग्रेजी में कोबरा पोज इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसके अभ्यास के दौरान आपका शरीर कोबरा के पोज में रहता है। अगर आपको पेट से जुड़ी समस्याएं हैं या किडनी की पथरी से जूझ रहे हैं तो इसका अभ्यास आपके लिए बहुत उपयोगी हो सकता है। रोजाना इस योगासन का अभ्यास करने से आपके शरीर की मांसपेशियों को फायदा मिलता है। इस योगासन को सर्पासन या सर्प मुद्रा के नाम से भी जाना जाता है। सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते समय 12वें आसन के रूप में भुजंगासन का अभ्यास किया जाता है।

## भुजंगासन का अभ्यास करने का तरीका

- सबसे पहले योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं।
- इसके बाद हाथों को सिर के दोनों तरफ जमीन से टिकाकर रखें।
- अब अपनी हथेलियों को अपने कंधों के बराबर ले जाएं।
- इसके बाद गहरी लंबी सांस लेते हुए हाथों को जमीन पर दबाते हुए शरीर को नाभि तक ऊपर की तरफ उठाएं।
- इस क्रम में सबसे सिर, फिर छाती और आखिर में पेट वाले हिस्से को ऊपर उठाएं।
- सिर को ऊपर की तरफ सांप के फन की तरह से खींचे।
- कुछ देर इसी पोजीशन में रहें और वापस शुरुआत की स्थिति में आयें।
- आप एक बार में 3 से 7 बार इसका अभ्यास कर सकते हैं।



### किडनी से जुड़ी परेशानियों में उपयोगी

किडनी से जुड़ी समस्याएं खानपान और लाइफस्टाइल के कारण भी हो सकती हैं। किडनी की पथरी की समस्या में भुजंगासन का अभ्यास बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसका नियमित रूप से अभ्यास करने से किडनी पर जोर पड़ता है और इससे किडनी में मौजूद विषाक्त पदार्थों को निकालने में भी फायदा मिलता है। किडनी की कार्यक्षमता सुधारने के लिए भी भुजंगासन का अभ्यास बहुत फायदेमंद माना जाता है।

### रीढ़ की हड्डी के लिए फायदेमंद

भुजंगासन का अभ्यास करने से आपकी रीढ़ की हड्डी को बहुत फायदा मिलता है। इसका अभ्यास रीढ़ की हड्डी का लचीलापन बढ़ाने के लिए बहुत उपयोगी होता है। इसके अभ्यास के दौरान आप रीढ़ की हड्डी को स्ट्रेच करते हैं और इससे रीढ़ और पीठ का एरिया मजबूत होता है।

### पीठ दर्द में फायदेमंद भुजंगासन

भुजंगासन का रोजाना अभ्यास करने से आपको पीठ से जुड़ी परेशानियों में फायदा मिलता है। पीठ के दर्द की समस्या को दूर करने के लिए भुजंगासन का अभ्यास करने की सलाह दी जाती है। कुछ दिनों तक पर रोजाना भुजंगासन का अभ्यास करने से आपको कमर दर्द की समस्या और पीठ दर्द में फायदा मिलता है।

### थायरॉयड में बहुत फायदेमंद

थायरॉयड की समस्या में भुजंगासन का अभ्यास बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके अभ्यास से गले की मांसपेशियों और थायरॉयड ग्रंथि को हेल्दी बनाने में फायदा मिलता है। भुजंगासन का अभ्यास करने से थायरॉयड के साथ-साथ पैराथायरायड ग्रंथियों को भी ठीक करने में फायदा मिलता है।



### मेटाबॉलिज्म सुधारने में फायदेमंद

शरीर का चयापचय यानी मेटाबॉलिज्म सुधारने में भुजंगासन का अभ्यास बहुत फायदेमंद माना जाता है। एनसीबीआई के एक शोध में शरीर के चयापचय से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए भुजंगासन को फायदेमंद योगासन बताया गया है।

### वजन संतुलित रखने में उपयोगी

शरीर का वजन संतुलित रखने के लिए भुजंगासन का अभ्यास बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके अभ्यास से पेट की मांसपेशियों को खिंचाव मिलता है जिससे आपको पेट कम करने और एक्स्ट्रा चर्बी बर्न करने में फायदा मिलता है।

### अस्थमा में फायदेमंद भुजंगासन

अस्थमा सांस से जुड़ी एक गंभीर समस्या है। अस्थमा की समस्या से छुटकारा पाने के लिए भुजंगासन का रोजाना अभ्यास फायदेमंद माना जाता है।

# भारतीय खानपान के बारे में आजकल लोग सोचने लगे हैं ये गलत बातें

भारतीय खानपान की चर्चा पूरे विश्व में होती है। हमारा देश मसालों के लिए विश्व विख्यात है। यहां के मसाले न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाते हैं बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। भारतीय लोग अपने खाने में ताजे फल और सब्जियों का सेवन करते हैं। जिसकी वजह से हमारी इम्यूनिटी और सेहत अच्छी रहती है लेकिन दुनियाभर में भारतीय खानपान और मसालों के बारे में कई भ्रांतियां फैली हुई है। कई लोगों का मानना है कि भारतीय व्यंजनों को पकाने में बहुत अधिक समय लगता है।



**भारतीय व्यंजन वसायुक्त और अनहेल्दी होते हैं :** यह धारणा पश्चिम के लोगों में अधिक है कि भारतीय खानपान बहुत ज्यादा वसायुक्त और स्वास्थ्य के लिए अनहेल्दी होते हैं। जबकि यह बात पूरी तरह से मिथ है। हमारे घरों में बनने वाले खाने में बेहद संतुलित मात्रा में तेल या घी का इस्तेमाल किया जाता है। खासकर भारतीय व्यंजनों में घी और मक्खन का इस्तेमाल होता है, जो एक सेहतमंद फैट का काम करता है। यह शरीर के लिए फायदेमंद होता है । हमारे भोजन में अधिक हरी सब्जियां, दाल और रोटी अधिक होते हैं, जो बिल्कुल वसायुक्त नहीं होते हैं। हालांकि रेस्तरां में परोसे जाने वाले खाने के बारे में कुछ विशेष नहीं कहा जा सकता है लेकिन भारतीय घरों में बनने वाला खाना स्वास्थ्यकर होता है।

**भारतीय भोजन मसालेदार होते हैं :** भारत मसालों का राजा है। लेकिन कई बार लोग स्पाइसी शब्द को तीखापन से जोड़कर देखते हैं जबकि भारत में ऐसा नहीं है। हमारे यहां कई तरह के स्पाइस या मसालों का उपयोग खाना बनाने में किया जाता है। ये मसाले हैं, हल्दी, गरम मसाला (मसालों का मिश्रण), लौंग, जीरा, मेथी और धनिया। ये मसाले हमारे खानों में मिलकर न केवल स्वाद बढ़ाते हैं बल्कि स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं। कोविड के दौरान भी भारतीय मसालों ने कई लोगों के लिए राहत का काम किया। आर्युवेद में भारतीय मसालों को औषधी की श्रेणी में रखा गया है, जो कई बीमारियों को ठीक कर सकते हैं।

**भारतीय खाना पकाना मुश्किल है :** तमाम लोग मानते हैं कि भारतीय पारंपरिक खाना बनाने में काफी समय लगता है लेकिन ऐसा नहीं है। इन व्यंजनों को बनाने में मात्र 20-30 मिनट का समय लगता है और सबसे बड़ी खासियत ये है कि हमारे यहां भोजन को बहुत अच्छे से पकाया जाता है, जिसेक कारण खाने का स्वाद भी बढ़ जाता है। लेकिन आप अच्छी से अच्छी डिश 1 घंटे में पका सकते हैं और अगर आपको खाना बनाने का शौक है, तो ये और भी जल्दी हो सकता है। बल्कि औप तंदूरी रोटी, पनीर बटर और बटर चिकन भी काफी कम समय में बना सकते हैं।

**करी पाउडर का उपयोग :** हमारे यहां खाने में करी पाउडर का उपयोग खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ सेहत के लिए भी दिया जाता है। ज्यादातर लोग करी पत्ता खाने में डालते हैं। खासकर दक्षिण भारतीय व्यंजनों का स्वाद बढ़ाने के लिए करी पत्ता एक बेहद महत्वपूर्ण डिश है। इससे खाने में सुगंध भी आती है। करी पत्ता पाचन तंत्र से लेकर अन्य समस्याओं को कम करने में मददगार साबित हो सकता है।

**भारतीय मिठाई बहुत मीठी होती है :** यह बिल्कुल गलत बात है। भारतीय मिठाईयों का स्वाद बिल्कुल नापा-तौला रहता है। कई लोगों को तो ये तक पता होता है कि किस मिठाई में कितनी चीनी जाएगी और कितना गुड़। ऐसे में घर पर प्रसाद के लिए बनने वाली मिठाईयां हो या ईद-त्योहार में बनने वाले मीठे पकवान, सभी का स्वाद मिठास में बिल्कुल संतुलित होता है बल्कि इसमें घी, गुड़ और ड्राई फ्रूट्स का इस्तेमाल किया जाता है, जो बहुत फायदेमंद होता है।

# बच्चों को भूख न लगने के हो सकते हैं ये कारण

अगर बच्चे ढंग से खाना नहीं खाते हैं तो मां बाप को काफी चिंता होने लगती है। 2 से 5 साल की उम्र के बच्चों में ऐसा काफी देखने को मिलता है। हालांकि कई बार यह बच्चों के नखरे होते हैं और चिंता करने जैसी कोई बात नहीं होती है। अगर बच्चे ज्यादा समय तक ऐसा ही करते हैं और उन्हें भूख नहीं लगती है तो आपको डॉक्टर से बात करनी चाहिए। बच्चों को भूख ना लगना या कम लगना वैसे तो एक आम समस्या है। लगभग 40% बच्चों के साथ ऐसा ही होता है। इसलिए उन्हें आम बोलचाल भाषा में पिकी ईटर्स भी बोल दिया जाता है। लेकिन इस समस्या को इग्नोर नहीं करना चाहिए क्योंकि अगर बच्चे ज्यादा समय तक ठीक से नहीं खाते तो उन में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है।



### बच्चों का बीमार होना

अगर बच्चे बीमार हो जाते हैं तो कई बार यह भी उनके भूख न लगने का कारण होता है। इस दौरान वह काफी चिड़चिड़े हो जाते हैं और उन्हें कुछ खाने पीने का मन भी नहीं करता। ऐसा खासकर तब होता है जब पेट में दर्द, डायरिया, सिर दर्द और बुखार उनको हो जाता है।

### स्ट्रेस होना

छोटे बच्चों की भूख स्ट्रेस लेने के कारण भी प्रभावित हो सकती है। अगर आपके बच्चे का उनकी मन पसंद की चीजें खाने का मन भी नहीं कर रहा है तो हो सकता है वह स्ट्रेस से जुझ रहे हों। उनकी स्ट्रेस का कारण पता लगाने की कोशिश करें और उन्हें इसके बाद भूख खुद लगनी शुरू हो जाएगी।

### बच्चों का विकास काफी धीमा होना

बच्चों का सही ढंग से विकास न हो पाना भी उनके भूख न लगने का कारण हो सकता है। पहले साल के दौरान बच्चे तेजी से बढ़ते हैं। इसके बाद उनका विकास थोड़ा धीमा पड़ने लगता है और वह कम खाना खाने लगते हैं। इस समय भूख कम लगना कोई चिंता का कारण नहीं है और बिल्कुल सामान्य होता है।

### दवाईयों का सेवन करना

अगर आपके बच्चों का एंटी बायोटिक्स का कोई कोर्स चल रहा है तो इसके कारण भी उन्हें कम भूख लग सकती है। इसके अलावा भी कई तरह की दवाइयों का सेवन करना उनकी भूख को प्रभावित कर सकता है।

### पेट में कीड़े होना

अगर बच्चे के पेट में कीड़े हो गए हैं तो इस कारण भी वह कम खाना पीना पसंद करते हैं। वॉर्म्स बच्चे के डाइजेस्टिव सिस्टम में प्रवेश करते हैं और इरीटेशन, भूख न लगना और पेट में ब्लीडिंग होने का कारण बन सकते हैं। इस स्थिति से जूझ रहे बच्चों को दवाइयां दी जा सकती हैं।

### एनीमिया

आयरन की कमी से होने वाली बीमारी को एनीमिया कहते हैं। यह भूख न लगने का आम कारण होता है। ऐसे बच्चे काफी आलसी, थके हुए और इरिटेटेड लगते हैं।

# ब्राउन शुगर से बनाएं स्कैल्प के लिए बेहतरीन स्क्रब, बालों में डैंड्रफ और हेयर फॉल जैसी समस्याएं होंगी दूर

ब्राउन शुगर की जब बात आती है, तो चाहे ब्यूटी हो या फिर हेल्थ दोनों के लिए ही गजब का काम करती है। ब्राउन शुगर को सबसे अच्छा स्क्रब भी माना जाता है। फिर वो बालों के लिए हो या स्किन के लिए। बालों को स्क्रब करने के लिए ब्राउन शुगर स्क्रब के विकल्प बाजार में काफी कम हैं, और जो हैं भी वो काफी महंगे हैं। हालांकि बालों की गंदगी को साफ़ करने के लिए हफ्ते में एक बार स्कैल्प की गहराई से सफाई की जरूरत होती है। जो कि शैम्पू से नहीं हो सकती। आज हम आपको होम मेड हेयर ब्राउन शुगर स्क्रब के बारे में बताएंगे, जो आपके बजट में हैं। साथ ही ये बिलकुल नैचुरल है। ब्राउन शुगर में नैचुरल एक्सफोलिएंट होता है जिससे स्कैल्प की डेड सेल्स हटने लगती है।

**बेकिंग सोडा ब्राउन शुगर स्क्रब :** हमारे बालों में अनचाहे बैक्टीरिया बहुत जल्दी जमा होने लगते हैं। अगर डैंड्रफ की समस्या है तो उसे भी निजात मिलता है। इसे तैयार करने के लिए एक चम्मच ब्राउन शुगर, एक चम्मच शैम्पू, टी ट्री ऑयल की कुछ बूंदे और एक चम्मच बेकिंग सोडा अच्छे से मिला लें। महीने में एक बार इसे स्कैल्प में लगाकर मसाज करें। फिर गुनगुने पानी से धो लें।

**जोजोबा ऑयल ब्राउन शुगर स्क्रब :** जोजोबा ऑयल के साथ ब्राउन शुगर से तैयार किया गया हेयर स्क्रब काफी अच्छा होता है। इससे डैंड्रफ के साथ हेयर फॉल भी कम होता है। इसे घर पर बनाने के लिए दो चम्मच ब्राउन शुगर, दो चम्मच लेमन जूस में, दो चम्मच जोजोबा ऑयल, एक चम्मच सी साल्ट को अच्छे से मिलाकर तैयार कर लें। फिर क्या बिंदास होकर इसे हफ्ते में एक बार इस्तेमाल करें।

**ओटमील ब्राउन शुगर स्क्रब :** ओटमील और ब्राउन शुगर स्क्रब स्कैल्प को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। इससे गंदगी साफ़ होती है। साथ ही ब्लड सर्क्युलेशन भी काफी अच्छा रहता है। इसे तैयार करने के लिए दो चम्मच ब्राउन शुगर, दो चम्मच ओटमील, दो चम्मच कंडिशनर, ऑलिव ऑयल की कुछ बूंदों को मिलाकर इसका स्क्रब तैयार करें। बालों के स्कैल्प पर अच्छे से स्क्रब करें।

### ब्यूटी निखारे ब्राउन शुगर

- अगर ब्यूटी स्क्रब तैयार कर रहे हैं तो उसे पैरों से लेकर अपने चेहरे तक में इस्तेमाल करें। ब्राउन शुगर में नेचुरल एक्सफोलिएटर होते हैं, जो स्किन को सॉफ्ट रखने में मदद करते हैं।
- स्किन को हेल्दी और खूबसूरत रखने के लिए ब्राउन शुगर काफी अच्छी होती हैं। इससे स्किन काफी अच्छे से मॉइस्चराइज भी होती है। इसके आगे महंगे से महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स भी फेल हैं।
- अगर पिम्पल्स की समस्या है तो ब्राउन शुगर इससे भी छुटकारा दिलाती है। इससे आगे होने वाले ब्रेकआउट भी रुकता है। इससे स्किन तरोताजी रहती है। अगर ब्राउन शुगर को दूध के साथ मिलाकर स्क्रब बनाएंगे तो फायदे डबल होंगे।

# डीएसपी ने दी छात्राओं को कानूनी जानकारियां

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय डीएसपी ऑफिस में सोमवार को स्वामी विवेकानंद के 163वें जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए राजकीय झंवर बालिका स्कूल की बालिकाओं को पुलिस की कार्य पद्धति, ट्रैफिक नियमों, साइबर क्राइम, महिला हेल्पलाइन और करियर प्लान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डीएसपी दरजाराम बॉस ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वो आत्मविश्वास के साथ आग बढ़ें। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवनकाल में युवाओं को जागरूक करने को लेकर बहुत काम किया। एसीबीओ मंजू पंवार ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से करियर डे पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रिंसिपल कुसुम शर्मा ने कार्यक्रम के लिए पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्वनंदा जाखड़, राज कंवर मीणा, बोदूराम शर्मा, आसुराम खटीक, मंजू गुर्जर, लक्ष्मी मीणा आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू व अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति के निर्देशानुसार काला बाल मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। मयंक त्रिवेदी ने कहा स्वामी जी अपने संपूर्ण जीवन को नि:स्वार्थ से अपना समर्पित कर दिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद विवाद, निम्बंध प्रतयोगिता व चित्र प्रतयोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार सैनिक, उप प्रधानाचार्य अर्चना सैनी, मीनाक्षी सोनी सहित शाला स्टाफ के सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे। इसी प्रकार जी.एच.एस. राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य विनीता चौधरी की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह एवं स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में प्रोफेसर बी.एस. बैरवा ने चरित्र निर्माण, युवा शक्ति, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। सहायक आचार्य धन्नाराम जानू ने बताया की स्वामी विवेकानंद केवल एक संत नहीं, बल्कि युवा चेतना के प्रेरणास्रोत थे। उनका विश्वास था कि जब युवा जागता है, तभी राष्ट्र आगे बढ़ता है। दिव्या जांगिड ने आगे होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## रक्तदान शिविर आयोजित



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नगरपालिका के पास स्थित श्री लाल कुआं गणेश पूजा स्थल पर तृतीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। सेवा भारती समिति झुंझुनू एवं स्वामी विवेकानंद सेवा संघ के तत्वावधान में आयोजित शिविर में थानाधिकारी ताराचंद यादव मुख्य अतिथि रहे । अध्यक्षता मंडावा खंड संघ चालक प्रेमपाल दूलर ने की। पालिका चेयरमैन मनीष कुमार, अधिशाषी अधिकारी रविंद्र धनकड़, डॉ. सुशील शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि मंचस्थ मौजूद रहे। केशवराम बलिराम हेडगेवार, माधवराव सदाशिवराव गोवलकर, भारत माता, स्वामी विवेकानंद व भगत सिंह के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में आये अतिथियों को स्वामी विवेकानंद का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। शिविर में 149 युवाओं ने रक्तदान किया। बीडीके अस्पताल झुंझुनू एवं गुरुकृपा ब्लड बैंक सीकर की टीमों ने रक्त संग्रहित किया। ब्रह्म बगीची महंत अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ, नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल, पूर्व पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण सैनी, व्यापार संध अध्यक्ष पवन पचलंगिया, डॉ. रोहित चौधरी, चंद्रपाल दूलर, राजेंद्र प्रसाद घोडेला, भास्कर दूलर, पार्षद रमेश कुमार दर्जी, प्रमोद पचलंगिया, सीपी जांगिड़, सतीश नायक, मनीष शर्मा, महेश पाराशर, रामस्वरूप सुरोलिया, सुरेंद्र पोरवाल, राजपाल दूलर, अरविंद चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिविर में रक्तदाताओं का हौसला अफजाई की। रक्तदान करने वालों में मुकेश सैनी 31वीं, लोकेश गुर्जर ने 26वीं, अमित कुमावत 26वीं, अजय कुमार शर्मा 21 वीं एवं कमल सैन 11वीं बार रक्तदान किया । रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य बीडी शर्मा, मांगू सिंह शेखावत, मीनाक्षी शर्मा, संजय रोहिल्ला, राजकुमार सोनी, राकेश गुर्जर, ताराचंद जांगिड़, सुरेश चंद्र टेलर, महेश डोटासरा, विनोद बिर्ख, रमेश पूनियां, सुभाष शर्मा, गोविंद शर्मा, महेंद्र दाधीच, कपिल मुरारका, दिनेश जांगिड़ सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद रहें । प्रांत ग्राम सह संयोजक बजरंग लाल दतुसलिया, जिला ग्राम विकास प्रमुख मुरारीलाल सैनी, मंडावा खंड प्रचारक अभिषेक कुमार, सहखंड कार्यवाह विकास कुमार जांगिड़, संपर्क प्रमुख विकास मारवाल, सामाजिक समरसता प्रमुख भवानी शंकर सैन, शारीरिक प्रमुख मनमोहन टेलर, मुकुंदगढ़ उपखंड कार्यवाह मुकेश सैन, व्यवस्था प्रमुख दिनेश स्वामी, महाविद्यालय विद्यार्थी मनीष चेजारा, नितेश शर्मा, गजेंद्र टेलर, सुनील कुमार वर्मा, लोकेश आसीवाल, स्वराज शर्मा, नरेंद्र कुमावत, अजय नायक, मुकेश मारवाल, दिनेश बालान, भीम स्वामी, प्रदीप वर्मा युवराज कुमावत, निशांत कुमावत, अमित कुमावत, स्वराज शर्मा, संदीप कुमार, रणजीत कुमावत, कमल सैन, रविंद्र, लोकेश गुर्जर, राहुल गुर्जर, नरेंद्र कुमावत, विकास कालेर, दौलतराम सैनी, रणवीर कुमावत, अनिल चेजारा, नवीन स्वामी योगेश कुमावत ने शिविर में सहयोग किया। खंड कार्यवाह जयप्रकाश ने आभार व्यक्त किया।

### नि:शुल्क प्राकृतिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर

नि:शुल्क प्राकृतिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में डॉ. दिनेश सुरोलिया के नेतृत्व में प्रमोद कुमार, दीक्षांत चौधरी, दिलीप सैनी, आलोक कुमावत, संजीव डोटासरा, रोहित गुर्जर, विजेंद्र पूनिया, अंकित धनकड़, विशाल सैनी, झलक मोगा, कोमल तंवर, लोकेंद्र गुर्जर, अदिति चौधरी, कृष्णा मुहाल ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से मरीजो का उपचार कर आवश्यक परामर्श दिया।

## फिट इंडिया-हिट इंडिया अभियान के तहत 1600 मीटर दौड़ आयोजित



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया-हिट इंडिया अभियान के अंतर्गत स्वर्ण जयंती स्टेडियम, झुंझुनू में 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। दौड़ प्रतियोगिता को भाजपा नेता यंग इंडिया सोसायटी के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश बाबल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और दृढ़ संकल्प ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं। उन्होंने सभी युवाओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा ऊर्जा, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण एवं देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया। डॉ बाबल ने इसी अवसर पर युवा महोत्सव 2026 के आगाज की घोषणा करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है और ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्टेडियम में उत्साह, जोश और देशभक्ति का वातावरण देखने को मिला। डॉ बाबल ने बताया की यह महोत्सव एक महीने तक चलेगा। इस बीच अलग अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

# नशे से दूर रहे युवा, लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत से आगे बढ़ने से मिलेगी सफलता : राठौड़

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** मां जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफइण्डिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ ने स्वामी विवेकानंद के महत्वपूर्ण प्रसंगों को विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए अपने जीवन में अनुशासन को अपनाने व नशे से दूर रहने का संदेश दिया तथा विद्यार्थियों को जीवन में एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित कर निरन्तर परिश्रम पर बल दिया। समारोह के विशिष्ट अतिथि अजीत सिंह राठौड़, अनूप खण्डेलवाल, नरेश सहारण, लीलाधर बागोरिया, मो. तैयब, हरि इंदौरिया थे। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सत्यवती बुडानियाँ, हंसराज परिहार व संकाय सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। समारोह के बाद अतिथियों ने इंटरेक्टिव बोर्ड का भी उद्घाटन किया। राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, तारानगर में स्वामी विवेकानंद जयंती को कैरियर डे के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी अशोक कुमार पारीक ने की। इस अवसर पर पुरुषोत्तम रैगर, भगवानाराम, हरपाल सिंह, गोपाल नैण, विजय सिंह राठौड़, मुकेश छापरवाल, बनवारी लाल, हरिकृष्ण स्वामी, अनिल ख्यालिया राजेश कुमार सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसी प्रकार महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, नवीन तारानगर में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए विवेकानंद के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक चलचित्र का आयोजन किया गया। संस्थाप्रधान डॉ. अशोक जांगिड़ ने विद्यार्थियों को विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की बात कही। इस अवसर पर एसडीएमसीए एसएमसी सदस्य, अभिभावक, शिक्षक तथा अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।

## पुलिस ने की होटल की जांच

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर की एक होटल पर कोतवाली पुलिस ने दबिश दी और करीब 5-6 युवक युवतियों को गाड़ी में बिठाकर थाने ले गई। बाद में बालिग होने के कारण सबको छोड़ दिया गया। डीएसपी दरजाराम बॉस के निर्देश पर सब इंस्पेक्टर रामस्वरूप ने कार्यवाही करते हुए होटल जांच की।

पुलिस ने बताया कि होटलों, कैफे आदि की जांच लगातार उच्च अधिकारियों के निर्देशों पर की जा रही है।

**इस्तेहार हर खास व आम**
**न्यायालय जिला न्यायाधीश, झुन्झुनू ( राज. )**
**पीठासीन अधिकारी श्रीमती दीपा गुर्जर, ( जिला न्यायाधीश संवर्ग/आर.जे.एस. ), झुन्झुनू**
**सिविल विधिक प्रकरण ( उत्तराधिकार ) संख्या - 68/2025**

दैविक बुडानिया पुत्र स्व. सुरेन्द्र सिंह बुडानिया, उम्र 12 वर्ष, निवासी ग्राम माधोपुरा, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर हाल निवासी ग्राम देलसर खुर्द, तहसील नवलगढ़, जिला झुन्झुनू (राज.) जरिये प्राकृतिक संरक्षक नाना मणीशंकर चौधरी पुत्र श्री बीरबलराम, निवासी ग्राम देलसर खुर्द, तहसील नवलगढ़, जिला झुन्झुनू (राज.)

**- आवेदक**

**बनाम**

1. हर आम व खास
2. हेम सिंह पुत्र नाराणाराम, उम्र 68 वर्ष, निवासी ग्राम माधोपुरा, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर (राज.)
3. श्रवणी देवी पत्नी हेम सिंह, उम्र 65 वर्ष, निवासी ग्राम माधोपुरा, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर (राज.)

**- अनावेदकगण**

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

**सार्वजनिक सूचना**

उपरोक्त आवेदक ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अधीन प्रस्तुत कर निवेदन किया है आवेदक के पिता सुरेन्द्र सिंह बुडानिया का दिनांक 14-07-2023 को तथा माता बुडानिया रीना का दिनांक 06-05-2025 को देहान्त हो चुका है। आवेदक व विपक्षी सं. 2 व 3 के अलावा मृतक सुरेन्द्र सिंह बुडानिया व रीना बुडानिया के अन्य कोई वैध वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा आवेदक के माता-पिता के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) में एक संयुक्त बीमा पॉलिसी सं. 875089611 जारी दिनांक 28-03-2011 बीमाधन राशि 3,00,000/- रूपये तथा आवेदक की माता के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) में क्रमश: दो बीमा पॉलिसी सं. 129291562 जारी दिनांक 28-02-2019 बीमाधन राशि 3,00,000/- रूपये की एवं बीमा पॉलिसी सं. 918233822 जारी दिनांक 06.11.2020 बीमाधन राशि 2,50,000/- रूपये तथा आवेदक की माता के नाम से पंजाब नेशनल बैंक शाखा झुन्झुनू में एक एफ.डी. सं. 024400DP00022286 राशि 27049120/- रूपये तथा आवेदक की माता के नाम से पंजाब नेशनल बैंक शाखा अहमदाबाद के बचत खाता सं. 0985000109191670 राशि 50,00,000/- रूपये मय ब्याज प्राप्त करने हेतु उतराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है जो उक्त राशि प्राप्त करने का अधिकारी है। अत: हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उक्त राशि को प्राप्त करने के लिये उपरोक्त आवेदक के पक्ष में उतराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में किसी को किसी प्रकार की आपति या ऐतराज हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 22/01/26 को उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा आवेदक के पक्ष में उतराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा और एतराज समाहत नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 24/12/25 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर कार्यालय से जारी किया गया है।

**न्यायालय के आदेश से**
**मुंसरिम, जिला एंव सत्र न्यायालय झुन्झुनू**

# चाइनीज मांझे पर प्रशासन का प्रहार, दुकानों पर छापेमारी कर 16 चरखियां जब्त

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** मकर संक्रांति के त्योहार से पहले चिड़ावा शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री के खिलाफ नगरपालिका प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। जिला कलेक्टर और उपखंड अधिकारी के निर्देशों के बाद अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने बाजार में औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की है। नगरपालिका की टीम ने शहर के विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों और पतंग विक्रेताओं की दुकानों पर सघन तलाशी ली। इस दौरान प्रशासन ने 16 चरखियां प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त किया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों में हड़कंप मच गया। टीम ने मौके पर ही दुकानदारों को अंतिम चेतावनी दी कि यदि दोबारा इस जानलेवा धागे की बिक्री पाई गई तो दुकान सीज करने सहित भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई और मंशा को स्पष्ट करते हुए अधिशासी अधिकारी ने कहा कि चाइनीज मांझा न केवल इंसानों, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए जानलेवा है, बल्कि आकाश में उड़ने वाले पक्षियों के लिए भी काल साबित होता है। उन्होंने कहा, ष्उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार विशेष टीमों का गठन किया गया है जो लगातार बाजार पर नजर रख रही हैं। आज की कार्रवाई में 16 चरखियां जब्त की गई हैं। हमारा उद्देश्य केवल जब्ती करना नहीं बल्कि इस घातक व्यापार को पूरी तरह बंद करना है। ईओ ने आमजन और अभिभावकों से भी भावुक अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को इस खतरनाक मांझे के बजाय सूती धागे सद्दी का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक जनता का सहयोग नहीं मिलेगा और मांग बंद नहीं होगी, तब तक इसकी अवैध बिक्री पर पूर्ण अंकुश लगाना चुनौतीपूर्ण है।

प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि कहीं भी इसकी बिक्री हो रही हो तो तुरंत नगरपालिका को सूचित करें।

## पंचायत इकाई का किसान सम्मेलन आयोजित

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** अखिल भारतीय किसान सभा बडाबर ग्राम पंचायत इकाई का प्रथम सम्मेलन सरपंच प्रतिनिधि अजीत सिंह की अध्यक्षता हुआ। जिसमें आगामी 20 एवं 21 जनवरी को सुजानगढ़ में आयोजित होने वाले जिलास्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने सहित किसानों एवं मजदूरों से जुड़ी विभिन्न मांगो जैसे फसल बीमा क्लेम, नरेगा में 200 दिन मजदूरी एवं समय पर भुगतान, मूंग टोकन में पारदर्शिता, दूरदराज ढाणियों में बिजली कनेक्शन, सुजानगढ़ में खेती सिंचाई हेतु नहरी पानी सहित युवाओं को स्थायी रोजगार एवं बेरोजगारों को बिना शर्त बेरोजगारी भता देने सहित, सरकारी स्कूलों एवं ग्रामीण चिकित्सालयों में रिक्त पदों भरने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के उपाध्यक्ष सागर मेघवाल ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार आजादी के लिए संघर्ष करने वाले संगठन किसान सभा का पहली बार सुजानगढ़ में होने जा रहा है।

# टीबड़ा हॉस्पिटल की पहल : मकर संक्रांति पर्व पर पतंग वितरण करते हुए दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** बसंत विहार स्थित रोबोटिक घुटना रिप्लेसमेंट सेन्टर टीबड़ा हॉस्पिटल की ओर से मंकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष में कल्याण सर्किल पर सामाजिक जागरूकता पतंग वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। पतंग वितरण के माध्यम से उत्तरायण पर धूप के लाभ व रोबोटिक घुटना व कूल्हा रिप्लेसमेंट के लिये जागरूक किया गया। इस अवसर पर टीबड़ा हॉस्पिटल के संस्थापक एवं वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ रमाकान्त टीबड़ा ने मंकर संक्रांति पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है, जिसका धार्मिक के साथ-साथ वैज्ञानिक महत्त्व भी है। इस समय सूर्य की किरणों स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होती हैं। डॉ रमाकान्त टीबड़ा ने धूप एवं सूर्य प्रकाश के स्वास्थ्य संबंधी लाभों पर विशेष जोर देते हुए बताया कि नियमित रूप से धूप लेने से शरीर में विटामिन-डी का निर्माण होता है, हड्डियों व दांतों को मजबूती मिलती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा सर्दियों में संक्रमण से बचाव होता है। सूर्य प्रकाश से रक्त संचार बेहतर होता है। फिजिशियन डॉ विपिन महला व डॉ अशोक कुमार मीणा ने बताया कि धूप से बनने वाला विटामिन-डी, ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में सहायक होता है, जिससे शुगर रोगियों को लाभ मिलता है। साथ ही बेहतर रक्त संचार के कारण हृदय पर दबाव कम पड़ता है, जो हृदय रोगियों के लिए भी लाभकारी है। सूर्य की किरणें उच्च रक्तचाप को नियंत्रण के लिए लाभकारी होती है। कार्यक्रम के अंतर्गत पतंग वितरण के माध्यम से बच्चों व युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, सामाजिक जिम्मेदारी निभाने एवं चाइनीज माँझे का बहिष्कार करने का संदेश दिया।

**इस्तेहार हर खास व आम**
**न्यायालय जिला न्यायाधीश, झुन्झुनू ( राज. )**
**पीठासीन अधिकारी श्रीमती दीपा गुर्जर ( जिला न्यायाधीश संवर्ग/आर.जे.एस. ), झुन्झुनू**
**प्रकरण संख्या - 68/2025**
**मणीशंकर चौधरी पुत्र श्री बीरबलराम, निवासी ग्राम देलसर खुर्द, तहसील नवलगढ़, जिला झुन्झुनू ( राज. )**

**- आवेदक**

**बनाम**

1. हर आम व खास
2. हेम सिंह पुत्र नाराणाराम, उम्र 68 वर्ष, निवासी ग्राम माधोपुरा, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर (राज.)
3. श्रवणी देवी पत्नी हेम सिंह, उम्र 65 वर्ष, निवासी ग्राम माधोपुरा, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर (राज.)

**- अनावेदकगण**

प्रार्थना पत्र अ.धा. 25 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 बाबत अव्यस्क के शरीर व सम्पति का संरक्षक घोषित करने बाबत

**सार्वजनिक सूचना**

उपरोक्त आवेदक ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है आवेदक अवयस्क दैविक बुडानिया का नाना है। आवेदक की इच्छा है कि अवयस्क दैविक बुडानिया के शरीर एंव सम्पति का संरक्षक आवेदक को घोषित किया जावें। अवयस्क दैविक बुडानिया के पिता सुरेन्द्र सिंह का दिनांक 14-07-2023 को तथा माता बुडानिया रीना का दिनांक 06-05-2025 को देहान्त हो चुका है। इस कारण आवेदक द्वारा अवयस्क दैविक बुडानिया के संरक्षक की घोषणा करवाने हेतु आवेदन किया गया है जो उक्त अवयस्क दैविक बुडानिया के शरीर व सम्पति के संरक्षक की घोषणा करवाने का अधिकारी है। अत: हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उक्त अवयस्क दैविक बुडानिया के शरीर व सम्पति के संरक्षक की घोषणा किये जाने में किसी को किसी प्रकार की आपति या ऐतराज हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 22/01/26 को उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा आवेदक को उक्त अवयस्क दैविक बुडानिया के शरीर व सम्पति का संरक्षक घोषित कर दिया जावेगा और बाद एतराज समाहत नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 03/1/26 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर कार्यालय से जारी किया गया है।

**न्यायालय के आदेश से**
**मुंसरिम, जिला एंव सत्र न्यायालय झुन्झुनू**

# किशोरपुरा का प्रसिद्ध भैरुंजी मेला कल, आज होगा जागरण

निसं



**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** उपखंड क्षेत्र के किशोरपुरा गांव के उत्तरी सीमा पर घाटी में स्थित भैरुंजी का मकर संक्रांति पर्व पर भरने वाले मेले की तैयारियों को सोमवार को अंतिम रूप दे दिया गया है। मीन सैना प्रमुख सुरेश मीणा किशोरपुरा, रामनिवास सैनी, सरपंच मोहनलाल सैनी, राजेश खटाणा ने बताया कि 14 जनवरी बुधवार को भरने वाले इस मेले में ऊंची कूद लंबी कूद कबड्डी ऊंट दौड़ घोड़ी दौड़ प्रतियोगिताओं के अलावा विशेष कुश्ती दंगल का आयोजन रखा गया है । जिसमें 500 रुपए से पहलवानों के अनुसार 21 हजार रूपए तक की कुश्ती करवाने का निर्णय लिया गया है। मेले में प्रतियोगिताओं का शुभारंभ सुबह 10 बजे किया जाएगा। प्रतियोगिताएं समय सारिणी अनुसार 10 बजे से 11 बजे तक ऊंची कूद-लम्बी कूद 11 बजे से 1 बजे तक कबड्डी तथा 2 बजे से 5 बजे तक कुश्ती दंगल होगा। विजेताओं को भामाशाहों एवं ग्रामपंचायत के द्वारा पुरस्कार दिया जाएगा। मेले की पुर्व संध्या 13 जनवरी को रात्रि में जागरण होगा। मेले की तैयारियों को लेकर भेरुजी महाराज से जुड़े भक्तों ने सोमवार को व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

इस बार पार्किंग की व्यवस्था भेरुजी महाराज के मंदिर से नीचे की तरफ की गई है। यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए दुकानदारों के लिए निर्धारित जगह का चयन किया गया है। मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं वॉलिंटियरों की व्यवस्था की गई है गौरतलब है कि भेरुजी महाराज का यह प्रसिद्ध मेला प्राचीन काल से भरता आ रहा है।

**प्रत्यर्थी का सम्मन**
**न्यायालय- पारिवारीक न्यायालय, झुंझुनूं ( राज. )**
**याची विकास कुमार विरुद्ध अनुमीत ( अनु )**
**याचिका संख्या- 372/24**
**याचिका बाबत:- 9 हिन्दू विवाह अधि.**

*प्रेषित-अनुमति पत्नी विकास कुमार पुत्री मदनलाल निवासी हमीरवास (बजावा) तहसील व जिला झुंझुनू हाल रामपुरा (गोल्याणा) तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनू*

याचि. . . ने आपके विरूद्ध याचिका बाबत 9 HMA न्यायालय में प्रस्तुत की है। अत: आप दिनांक 16-1-26 को प्रात: 10:00 बजे न्यायालय हाजा में उपस्थित होकर याचिका का जबाब प्रस्तुत करे। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन और ऐसे सब दस्तावेज जो आपके लिखित कथन का आधार है न्यायालय में प्रस्तुत करें। आपको सुचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त बतायी गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो याचिका की सुनवाई ओर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज दिनांक 12-1-26 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
पारिवारिक न्यायालय

# युवा दिवस मनाया



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह द्वारा संचालित स्वामी केशवानन्द कॉलेज में युवा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र पवन कुमार, छात्राएं अवन्तिका, अलिना ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन परिचय एवं उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राध्यापक भीम सिंह, ब्रहमदत्त सोनी व आशीष ने विवेकानन्द की शिक्षा की प्रासंगिकता को बताते हुए युवा पीढ़ी को उनके पदचिह्नो पर चलने की प्रेरणा दी। कॉलेज प्राचार्य ललित किशोर तंवर ने अपने उद्बोधन में बताया कि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि पुरूषार्थी वही जो भाग्य की रेखा मिटा दे। स्वामी विवेकानन्द ने 1893 में विश्व धर्म सम्मेलन में भारत की एक अलग पहचान कायम कर दी जो कि भारतीय संस्कृति के प्रति विदेशी भी आकर्षित हुए। संस्था निदेशक रामनिवास ढाका ने विवेकानन्द के पदचिह्नो पर चलने के लिए प्रेरित किया और कहा कि स्वामी विवेकानन्द, स्वामी केशवानन्द जैसी महान विभूतियां हमे मार्गदर्शन देती है। अतः हमें इनका अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर संस्था चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह, सहनिदेशक गोपाल सिंह, नर्सिंग कॉलेज प्राचार्य महेश कुमावत, विद्यालय प्राचार्य डॉ विजेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

# पौष बड़ा कार्यक्रम आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री श्याम मित्र मंडल व रोडवेज बस स्टैंड यूनियन की ओर से सोमवार को मलमास के अवसर पर कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड पर पुलिस थाने के आगे पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुबह से लेकर शाम तक राहगीरों व लोगों को गर्मा.गर्म पौषबड़ा का प्रसाद खिलाया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने अनाथ आश्रम जाकर वंहा रहने वाले अनाथ लोगों को भी पौष बड़ा का प्रसाद खिलाया। इस अवसर पर श्याम मित्र मंडल व रोडवेज बस स्टैंड यूनियन के कार्यकर्ता तथा अनेक दुकानदार मौजूद थे।

# जीव दया कार्यक्रम आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** श्री अखिल भारतीय साधुमार्गी जैन समता युवा संघ के तत्वावधान में नोखागांव में 3 से 13 जनवरी तक जीव दया सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को बीकानेर-मारवाड़ अंचल के नोखागांव में एक जीव दया कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री संघ और तरुण शक्ति के बच्चों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। समता युवा संघ के अध्यक्ष उत्तमचंद ने जीव दया सप्ताह का मुख्य उद्देश्य समाज में करुणा और अहिंसा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने तरुण शक्ति के छोटे बच्चों लक्षित, मिलन, पुलकित, योगेश, समकित, पार्थ और वीर की भागीदारी की सराहना करते हुए इसे आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल संस्कारों का प्रतीक बताया। इस अवसर पर बीकानेर-मारवाड़ युवा संघ के राष्ट्रीय मंत्री पंकज सुराणा ने समता युवा संघ द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों की प्रशंसा की। सुराणा ने कहा कि जीव दया सप्ताह जैसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं और उन्होंने युवाओं से ऐसे आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में गुलाब लूणावत, राजेंद्र लूणावत, कैलाश लूणावत, जीतू सुराणा, ज्ञानू लूणावत, किशनलाल लूणावत, विनेश सुराणा, डेविड लूणावत, पंकज लूणावत, बाबूलाल लूणावत सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जीवमात्र के प्रति दया, करुणा और संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ। समता युवा संघ ने बताया कि आगामी दिनों में भी जीव दया सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक व सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे।

# कैरियर दिवस पर बच्चों को आगे बढ़ने का किया आह्वान



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे की पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकान्द जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस कैरियर दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर रींगस थाना प्रभारी सुरेश कुमार देवन्दा ने बच्चों को कानूनी जानकारी देकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने विवेकानन्द के आदर्शों की जानकारी दी। उन्होने कहा कि युवा देश की ताकत है। उन्हें नई चुनौतियो का सामना करने के लिए नये-नये आईडिया लाकर नई नई खोज करनी चाहिए। आज ग्लोबजाईजेन का युग है। नई खोज नई तकनीक हासिल करने वाले ही आगे बढ़ते है। कानून में प्रतिबंधित विचारों व क्रियाओं से दूर रह कर अपना कैरियर बनाये। 2047 विजन को लक्ष्य रखे। इसके बाद अनेक स्कूलों के बच्चों को रींगस थाने की कार्यप्रणाली कांस्टेबल से थानेदार तक के काम की जानकारी दी। यातायात के नियमों को बारिकी से समझाया। इस मौके पर हैड कांस्टेबल अमरचन्द्र, कमलेश कुमार, सोहन लाल, ममता, सुनिता, सुमन, पूजा, इन्द्रजीत सहित अनेक पुलिसकर्मी व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में किसानों का फूटा गुस्सा, अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर की महापंचायत

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बिजली उपभोक्ता स्मार्ट मीटर हटाओ संघर्ष समिति झुंझुनू की तरफ से झुंझुनू अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर किसान महापंचायत की। महापंचायत की अध्यक्षता तीन सदस्यीय अध्यक्षमंडल कामरेड फूलचंद ढेवा, कामरेड विधाधर सिंह गिल व कामरेड पोकर सिंह झाझड़िया ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्मार्ट मीटर योजना को बिजली के निजीकरण की तरफ बढ़ता कदम बताया। स्मार्ट मीटर लगाने की योजना बिजली सुधार कानून 2023 के तहत प्रीपेड मीटरों के माध्यम से विद्युत उपभोक्ताओं की व्यापक लूट की योजना बताते हुए वक्ताओं ने इसको तुरंत प्रभाव से बंद करने की मांग की। महापंचायत की शुरुआत में कामरेड रामचंद्र कुलहरि ने महापंचायत में प्रस्ताव रखे जिसमें बिजली सुधार विधेयक 2025 वापस लेने, घरेलू



विद्युत उपभोक्ताओं को तीन सौ युनिट प्रति माह फ्री बिजली देने, स्मार्ट मीटर लगाने की कार्यवाही तुरंत बंद करने, लगाये मीटर हटाने, फ्लेट रेट वाले कृषि विद्युत उपभोक्ताओं को मीटर रेट श्रेणी में बदलने की कार्यवाही बंद करने, बदले गये फ्लेट रेट श्रेणी को वापस फ्लेट रेट श्रेणी में बदलने, सन् 2022-23 में शीत लहर व ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों से प्रभावित मुआवजा से वंचित किसानों को मुआवजा देने, अरावली पर्वत श्रृंखला को पर्यावरण की दृष्टि से संरक्षित घोषित करने, यमुना नहर का पानी सिंचाई के लिए शीघ्र झुंझुनूं जिला में लाने व स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में विद्युत उपभोक्ताओं पर जिले भर में कई जगह लगाये गये झूठे मुकदमे वापस लेने की मांग आदि प्रस्ताव थे जिसको महापंचायत ने पारित किया। इस संबंध में बिजली उपभोक्ता स्मार्ट मीटर हटाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य अभियंता को ज्ञापन दिया तथा वार्ता की। कार्यवाहक मुख्य अभियंता ने इस संबंध में सकारात्मक आश्वासन दिया। संघर्ष समिति ने 16 जनवरी को सभी तहसीलों पर प्रदर्शन करने का निर्णय किया। किसान महापंचायत के मुख्य वक्ता पूर्व जिला उप प्रमुख कामरेड विद्याधर गिल, कामरेड फूलचंद ढेवा, कामरेड फूलचंद बर्वर, कामरेड रामचंद्र कुलहरि, कामरेड पोकर सिंह झाझड़िया, कैलाश यादव, कामरेड राजेश बिजारणियां, कामरेड ओमप्रकाश झारोड़ा, कामरेड बजरंग लाल एडवोकेट, कामरेड इंद्राज सिंह चारावास, राजेन्द्र फौजी, कामरेड महीपाल पूनिया, मदन सिंह यादव, कामरेड विद्याधर गर्सा, कामरेड गिरधारीलाल महला, कामरेड मनफूल सिंह, सुभाष बुगालिया, सुरेश महला, बजरंग बराला, नरेंद्र गढ़वाल, चिमनाराम, सुरेश, महावीर खरबास, वीरभान, अनिल टोनी, हरी सिंह महला, सहीराम जोड़िया, महीपाल भामू, श्रीचंद निवाई, इमरान बड़गुर्जर, देवकीनंदन बसेरा, आशीष पचार, गजराज कटेवा, सुर्य प्रकाश शर्मा व कप्तान मोहन लाल आदि ने संबोधित किया।

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार सुनिश्चित करावे सरकार : न्यौल

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर-कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाअध्यक्ष किसान नेता चौधरी आदूराम न्योल सातड़ा ने कहा कि जब तक देश के किसान मजदूर युवा बेरोजगारों को सरकार रोजगार के संशाधनों का उचित प्रबन्ध नहीं करायेगी तो युवा आत्मनिर्भर नहीं बनेगा किसान नेता आज यहाँ तारानगर के सात्यू चौराहे पर किसान-मजदूरों के प्रतिनिधी मण्डल से बातचीत कर



रहे थे, उन्होने कहा कि देश के 80 करोड़ जनता को सरकार 5 किलो गेंहू तथा चावल उपलब्ध करवाकर देश की गरीब जनता को पंगू बना रही है। उक्त राशन के भरोसे गरीब जनता न तो अच्छी शिक्षा ना हि अपने परिवार को मूल भूत सुविधा उपलब्ध नहीं करवा पाती। देश की 80 करोड़ जनता न तो भूख से मरती तथा ना ही भर पेट भोजन कर पाती, अथवा ना ही अपने बच्चों का सर्वागीण विकास कर पाती। किसान नेता न्यौल ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजकर आग्रह किया है किवे किसान-मजदूर गरीब युवा बेरोजगारों को रोजगार छोटे कुटिर उद्योग, कलकार खाने उद्योगों को बडावा देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनावें। इस अवसर पर लिछमण राम मेघवाल, हरिराम न्यौल, भानीराम पटीर, हनुमान मेघवाल, रामकुमार जाट, रतीराम रोलण, करणाराम मेघवाल, हेमन्त न्यौल, रणजीत न्यौल सहित प्रतिनिधी मौजूद रहे।

# चेतावनी महारैली में तारानगर से अनेक कर्मचारियों ने लिया भाग



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से जयपुर में आयोजित चेतावनी महारैली में तारानगर ब्लॉक से अनेक कर्मचारियों ने भाग लिया। शिक्षक नेता लिखमाराम नायक और अविनाश गोदारा ने बताया की इस महारैली में पुरानी पेंशन बहाली, स्थानांतरण नीति बनाने, पदोन्नति विसंगति दूर करने सहित सात सूत्रीय मांगों पर बल दिया गया है। महारैली में प्रदेशभर से हजारों कर्मचारियों ने भाग लिया। महारैली में श्रवण कुलडिया, राजमल कासनियां, अशोक सहारण, विनोद कस्वां, मदनलाल सहारण, गोपीचंद कस्वां, राजेन्द्र धेतरवाल, मंगल महला आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# शहीद के नाम पर कॉलोनी, कीचड़ में तब्दील रास्ते



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नगर परिषद के वार्ड नंबर 51 स्थित छैलाराम नगर एवं शहीद इंद्रसिंह सैनी कॉलोनी में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की गंभीर समस्या से निजात दिलाने की मांग को लेकर निवर्तमान पार्षद प्रदीप सैनी ने प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि छैलाराम नगर के आंतरिक रास्ते तथा शहीद इंद्रसिंह सैनी स्मारक के सामने से कॉलोनी में जाने वाला मुख्य मार्ग बदहाल स्थिति में है। घरों का गंदा पानी रास्तों में ही जमा रहता है, जिससे सड़कें कीचड़ और गंदे पानी की झील में तब्दील हो चुकी हैं। हालात ऐसे हैं कि आमजन का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को रोजाना कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनकी स्कूल ड्रेस और जूते खराब हो रहे हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर कॉलोनीवासियों में भारी आक्रोश है। पिछले दिनों सड़क, नाली निर्माण और गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने विधायक निवास पर प्रदर्शन कर अपनी पीड़ा जाहिर की थी। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है। ज्ञापन में बताया गया कि शहीद इंद्रसिंह सैनी कॉलोनी और छैलाराम नगर घनी आबादी वाले क्षेत्र हैं। दोनों कॉलोनियों के केवल दो ही मुख्य मार्ग हैं और दोनों ही मार्गों की स्थिति बेहद खराब है। घरों की संख्या अधिक होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर ही फैल जाता है, जिससे पूरा इलाका बदबू और गंदगी की चपेट में रहता है। निवर्तमान पार्षद प्रदीप सैनी ने प्रभारी मंत्री से अधिकारियों को मौके पर भेजकर निरीक्षण करवाने तथा शीघ्र स्थायी समाधान कराने की मांग की। इस दौरान बुधराम सैनी, दलिप सैनी, पवन नेता, मनोहर लाल सैनी, नौरंगलाल दहिया, गौरीशंकर दहिया, नरेन्द्र किरोड़ीवाल, गजानंद सैनी, बाबूलाल सैनी, चौथमल सैनी, विष्णु कुमार, हितेश शर्मा, नाहर सिंह, नंदलाल सैनी, राजेश कुमार, अनुराधा, संजु देवी, मयंक, मीना देवी, क्रिश सैनी, निहारिका, मनीषा देवी, हरिश सैनी, रितु, मुकेश सैनी, पप्पू सैनी, गरिमा सैनी और अंकित सैनी सहित अनेक लोगों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन प्रभारी मंत्री को सौंपा गया।

# राजू जाखल बने प्रदेश अध्यक्ष

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के अध्यक्ष संजीव तोमर, उपाध्यक्ष प्रिंस जैन व प्रदेश अध्यक्ष उमेश जैन की सहमति से राजस्थान युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पद पर राजू जाखल को नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के विस्तार, सुदृढ़ीकरण एवं प्रदेश में गौरक्षा एवं गौसेवा गतिविधियों को नई दिशा और गति प्रदान करने के लिए की गई है।



# व्यापत भ्रष्टाचार के विरुद्ध आज करेंगे तहसील मुख्यालय पर हल्ला बोल प्रदर्शन

निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत बामलास एवं गुढ़ा बावनी में जारी अवैध खनन के विरुद्ध ग्रामीणों का ठिठुरती ठंड में भी 15 दिन से धरना जारी है। आज धरने स्थल पर जमकर सरकार व प्रशासन विरुद्ध नारेबाजी लगातार जारी है और धरनार्थियों ने प्रशासन की सांकेतिक शवयात्रा निकालकर विरोध दर्ज करवाया। मरुसेना अध्यक्ष एडवोकेट जयन्त मूंड ने बताया कि गुढागौड़जी तहसील में व्यापत भ्रष्टाचार एवं खनन माफियाओं के विरुद्ध तहसील मुख्यालय पर हल्ला बोल होगा। धरना स्थल से ट्रैक्टर रैली के रुप



में तिरंगे के साथ तहसील के घेराव करेंगे और जब तक मांगे मानी नही जाएगी तब तक धरना जारी रहेगा। इस हल्ला बोल में तहसील कार्यालय का घेराव मुख्यमंत्री के नाम पुनः ज्ञापन देंगें इसको लेकर आज भी पहाड़ी के आसपास के घरों व ढ़ाणियों में पीले चावल बांटे गए एवं जन सम्पर्क किया गया। मूंड ने बताया कि उदयपुरवाटी में खनन प्रशासन व तहसीलदार माफियाओं की मिलीभगत से अरावली एवं काटली नदी में दिनरात अवैध खनन व ब्लास्टिंग जारी है। थाने, तहसील और अन्य सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर इस धरने में कैप्टेन विनोद सिंह हुकुमपुरा, जेपी महला, प्रदीप यादव बामलास, दारासिंह मेघवंशी, फुलचंद मेघवाल, संदीप मीना, सज्जन सिंघा, विजय खेदड़, हरिराम, अनिल खेदड़, अब्दुल कायमखानी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यार्थियों को दी संस्कारों की शिक्षा

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री बापूजी कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस अनोखे ढंग से मनाया गया। यहां पाँच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन कर विद्यार्थियों को संस्कारों की शिक्षा और शपथ दिलाई गई। यज्ञ संपन्न कराने के लिए देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से प्रांजल देशमुख, श्वेता एवं उपासना पांडेय पहुंचे जिन्होंने वैदिक विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया। इस दौरान चेयरपर्सन डॉ. ईशा गुर्जर, निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गुर्जर, प्राचार्य डॉ. गौतम उपाध्याय, स्पेशल टीचर ट्रेनिंग विभाग के एचओडी डॉ. मुकेश रुंडला, प्रोफेसर हितेश शर्मा, मिलन तिवाड़ी, डॉ. नरेश सैनी, डॉ. संजय खटाना सहित स्टाफ उपस्थित रहा। यज्ञ में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। दो चरणों में संपन्न इस यज्ञ में विद्यार्थियों ने आहुति देकर आध्यात्मिक अनुशासन का अनुभव किया। डॉ. ईशा गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युवा केवल पढ़ाई और नौकरी को ही जीवन की पूर्ण उपलब्धि मान लेता है, जबकि शिक्षा के साथ संस्कार और आध्यात्मिक दृष्टि का विकास भी अत्यंत आवश्यक है।

# स्नातक परीक्षाओं की समय सारणी में संशोधन को लेकर ज्ञापन सौंपा

निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** राजकीय महाविद्यालय उदयपुरवाटी में छात्र संगठन एसएफआई ने परिक्षाओं कि समय सारिणी में परिवर्तन करने को लेकर प्राचार्य को कुल गुरु के नाम ज्ञापन सौंपा । तहसील महासचिव उदयपुरवाटी शिवा वर्मा ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि अभी शेखावाटी विश्वविद्यालय ने स्नातक परीक्षाओं की टाइम टेबल जारी किया है उसमें स्नातक प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा का टाइम सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक का रखा है।

तो आज छात्र संगठन में एसएफआई इस बात का विरोध कर रहा है क्योंकि वर्तमान समय में ठंड बहुत भयंकर है और ऐसे में विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से चलकर अपने-अपने परीक्षा केंद्रों तक रोजाना नहीं पहुंच सकते क्योंकि ग्रामीण परिवेश से यातायात की समस्या रहती है और एक तरफ ठंड इतनी ज्यादा है की जहां पर जिला कलेक्टर स्कूलों की तो ठंड की वजह से छुट्टी करते हैं और इधर कॉलेज वाले बच्चों को सुबह 8:00 बजे



से परीक्षा देने को बोलते हैं 8:00 बजे से परीक्षा शुरू होने का मतलब है 7:30 बजे परीक्षा केंद्रों के अंदर प्रवेश बंद हो जाता है । इसलिए विद्यार्थियों को 7:00 बजे परीक्षा केंद्र तक पहुंचाना पड़ेगा जो कि हर हाल में इस कड़ाके की ठंड में एक चुनौती से कम नहीं।

अध्यक्ष बबलू सैनी ने बताया कि ग्रामीण परिवेश से आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी इतना सक्षम नहीं है कि वह अपने व्यक्तिगत साधन से परीक्षा देने पहुंच सके और सबसे खास समस्या लड़कियों के लिए है जब ऐसी हालत हो रखे हैं कि 11:00 तक कोहरा खत्म नहीं होता तो ऐसे में लड़कियां सुबह 5:00 बजे घर से कैसे निकल सकते हैं। छात्र नेता मुकेश मीणा ने बताया कि यह समस्या केवल राजकीय महाविद्यालय उदयपुरवाटी की ही नहीं है बल्कि शेखावाटी विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी महाविद्यालय के बच्चों की समस्या है तो जल्द से जल्द परीक्षा का समय है 10:00 बजे से शुरू किया जाए अन्यथा छात्र संगठन आंदोलन करेगा इस दौरान मौजूद रहे तहसील महासचिव शिवा वर्मा, अध्यक्ष बबलू सैनी, छात्र नेता मुकेश मीणा एविकेश, ओम सिंग, अशोक, सुनील एगुज्जरए, अनीता, अनामिका, सोनू, सुनीता, अंजली सहित कई महाविद्यालय के छात्र छात्राओं मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190